# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

रामनवमी की मंगलकामनाएं

haribhoomi.com

रायपुर, बुधवार 17 अप्रैल 2024







संकल्प पत्र डाउनलोड करने हेतु QR Code को स्कैन करें

# भाजपा का संकल्प
# मोदी की गारंटी
## संकल्प पत्र - 2024



### गरीब की सेवा

- अगले 5 वर्षों तक मुफ्त राशन जारी रहेगा
- दाल, खाद्य तेलों और सब्जियों के उत्पादन में आत्मनिर्भर बनकर गरीब की थाली को सुरक्षित करेंगे
- हर घर तक नल से पीने का साफ पानी पहुंचेगा और पीएम सूर्य घर योजना से बिजली का बिल होगा जीरो



### किसान का सम्मान

- पीएम किसान सम्मान निधि और फसल बीमा योजना जारी रहेगी
- MSP में समयबद्ध वृद्धि करना हमारी प्रतिबद्धता है, बीज से बाजार तक किसानों की आय बढ़ाएंगे
- श्री-अन्न (Millets) को सुपर फूड की तरह स्थापित करेंगे, पीएम मत्स्य संपदा योजना और डेयरी सहकारी समितियों का विस्तार करेंगे



### नारी-शक्ति का वंदन

- 3 करोड़ ग्रामीण महिलाओं को लखपति दीदी बनाएंगे
- गृहिणी की रसोई तक पाइप से गैस पहुंचाएंगे, कामकाजी महिलाओं के लिए हॉस्टल और शिशुगृह की सुविधाएं उपलब्ध कराएंगे
- स्वयं सहायता समूहों को सर्विस सेक्टर से जोड़कर आय के नए अवसर उपलब्ध कराएंगे
- नारी शक्ति वंदन अधिनियम लागू कर लोकसभा और विधानसभाओं में महिलाओं का प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करेंगे



### मध्यम वर्ग के साथ

- मध्यम वर्गीय परिवार के अपने घर का सपना होगा पूरा
- अस्पतालों, आयुष्मान आरोग्य मंदिरों एवं सेकेंडरी स्वास्थ्य संस्थानों में सुलभ और सस्ती स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराएंगे
- स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार, नए शिक्षण संस्थान और जीवन आसान बनाने के लिए इन्फ्रास्ट्रक्चर में सुधार करेंगे



### निवेश से युवाओं को रोजगार के अवसर

- युवाओं के लिए इन्फ्रास्ट्रक्चर, निवेश, मैन्युफैक्चरिंग, हाई-वैल्यू सर्विसेज, स्टार्टअप, पर्यटन और खेल के माध्यम से लाखों रोजगार के अवसर पैदा करेंगे
- रोजगार-स्वरोजगार को बढ़ावा देने के लिए मुद्रा योजना के अंतर्गत ऋण की राशि को दोगुनी कर ₹20 लाख करेंगे
- पेपर लीक कानून लागू करके सरकारी भर्तियों को पारदर्शी बनाएंगे, उच्च शिक्षा के नए संस्थानों की स्थापना करेंगे



### सुशासन से समृद्ध भारत

- हम भ्रष्टाचार के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की गारंटी देते हैं
- हम भारतीय न्याय संहिता को लागू करेंगे
- हम एक देश - एक चुनाव और कॉमन मतदाता सूची की व्यवस्था लाएंगे
- संविधान के अनुच्छेद 44 के अनुसार समान नागरिक संहिता लागू करेंगे



### श्रमिक को सशक्त

- ट्रक ड्राइवरों के लिए नई योजना शुरू करके हाई-वे पर उनके लिए आधुनिक सुविधाएं विकसित करेंगे
- गिग वर्कर, घरेलू कामकाजी श्रमिक, रेहड़ी पटरी श्रमिक सहित अन्य श्रमिक वर्ग को ई-श्रम पोर्टल के माध्यम से सशक्त करेंगे



### मैन्युफैक्चरिंग का ग्लोबल हब बनेंगे

- भारत को मैन्युफैक्चरिंग का ग्लोबल हब बनाएंगे इससे लाखों रोजगार सृजित होंगे
- स्टील, सीमेंट, एल्युमिनियम, रेलवे, रक्षा, फार्मास्युटिकल, इलेक्ट्रिक व्हीकल, मोबाइल, सेमीकंडक्टर सहित अनेक क्षेत्रों में मैन्युफैक्चरिंग बढ़ाने की गारंटी देते हैं



### वंचित को वरीयता

- पीएम स्वनिधि और विश्वकर्मा योजना का विस्तार कर OBC, SC और ST समुदाय के लिए रोजगार के अवसरों का विस्तार करेंगे
- वंचित वर्ग के मेधावी छात्रों को छात्रवृत्ति सुनिश्चित करेंगे
- मछुआरों के जीवन से जुड़ी हर बात जैसे नाव का बीमा, मछली प्रसंस्करण इकाई, सैटेलाइट द्वारा समय पर जानकारी इत्यादि पर विशेष ध्यान देंगे



### विरासत और विकास

- अयोध्या नगरी का सर्वांगीण विकास करेंगे, काशी विश्वनाथ कॉरिडोर की तर्ज पर अन्य धार्मिक स्थलों का विकास करेंगे
- योग, आयुर्वेद, भारतीय भाषाओं, शास्त्रीय संगीत का प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए विश्वभर में तिरुवल्लुवर सांस्कृतिक केंद्रों की स्थापना करेंगे



### इन्फ्रास्ट्रक्चर से सुदृढ़ अर्थव्यवस्था

- भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक शक्ति बनाएंगे
- एक्सप्रेस-वे नेटवर्क को 15 हजार किमी तक विस्तारित करने के साथ-साथ हम नये एयरपोर्ट, राजमार्ग, वाटर मेट्रो की सुविधाओं को बढ़ाएंगे
- रेलवे में नई पटरियां, नई वन्दे भारत, अमृत भारत और नमो भारत ट्रेनों को बढ़ायेंगे और विश्वस्तरीय स्टेशन बनायेंगे, रेल टिकटों की वेटिंग लिस्ट को न्यूनतम करेंगे
- पूर्वी भारत और उसके तटीय और पहाड़ी क्षेत्रों के बुनियादी ढांचे के विकास के लिए एक समर्पित पूर्वोदय मास्टर प्लान तैयार करेंगे



### वरिष्ठ नागरिक

- वरिष्ठ नागरिकों को आयुष्मान भारत के अंतर्गत शामिल कर निःशुल्क स्वास्थ्य सुविधा देंगे
- वरिष्ठ नागरिकों की तीर्थ यात्रा के लिए विशेष कार्यक्रम शुरू करेंगे

फिर एक बार मोदी सरकार

कमल का बटन दबाएं भाजपा को जिताएं

Published by: Bharatiya Janata Party, 6A, Pandit Deen Dayal Upadhyaya Marg, New Delhi

लाइफ Style



# अनुराग की 'थ्रिलर' फिल्म में बॉबी देओल

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता बॉबी देओल फिल्मकार अनुराग कश्यप की थ्रिलर फिल्म में काम करते नजर आ सकते हैं। बॉलीवुड में चर्चा है कि बॉबी देओल ने हाल ही में अनुराग कश्यप के साथ सच्ची घटना पर आधारित एक थ्रिलर फिल्म साइन की है। बॉबी और अनुराग पिछले कई वर्षों से एक-दूसरे के साथ काम करना चाहते हैं, लेकिन बीच में कोई ऐसा प्रोजेक्ट नहीं आया। कुछ महीने पहले ही अनुराग ने इस फिल्म की कहानी बॉबी को सुनाई, जो बॉबी को काफी पसंद आई और उन्होंने उसके लिए अपनी स्वीकृति भी दे दी।



# यामी
## आर्टिकल 370 के लिए माना आभार

यामी गौतम ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर कैप्शन में लिखा है, आर्टिकल 370 की शूटिंग के पहले दिन से लेकर सिनेमाघरों में फिल्म के इतने शानदार दिनों तक, समय बहुत तेज़ी से बीत गया।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

बॉलीवुड अभिनेत्री यामी गौतम की फिल्म 'आर्टिकल 370' ने सिनेमा घरों में 60 दिन पूरे कर लिए हैं। आदित्य धर के निर्देशन में बनी फिल्म आर्टिकल-370 सिनेमाघरों में 23 फरवरी को रिलीज हुई थी। इस फिल्म में यामी गौतम और प्रियामणि ने अहम भूमिका निभाई है। यह फिल्म जम्मू कश्मीर को दिए गए विशेष दर्जे को रद्द करने के फैसले पर आधारित है। इस फिल्म ने सिनेमा घरों में धूम मचाकर रखी है। यामी गौतम ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर कैप्शन में लिखा है, आर्टिकल 370 की शूटिंग के पहले दिन से लेकर सिनेमाघरों में फिल्म के इतने शानदार दिनों तक, समय बहुत तेज़ी से बीत गया।

मुझे यह मौका देने के लिए मैं आदित्य धर फिल्म्स की बहुत आभारी हूं। एक बेहतरीन प्रोड्यूसर होने के लिए लोकेश धर को स्पेशल थैंक्स। फिल्म को जीवंत बनाने के लिए पूरी टीम, डायरेक्टर आदित्य सुहास जांभले, राइटर, एक्टर्स और एडिटिंग, म्यूजिक, सिनेमेटोग्राफी और शानदार तकनीशियनों को थैंक यू।

हॉलीवुड मसाला



# एक्शन फ्रैंचाइजी से जुड़े फजल

**नई दिल्ली।** अली फजल की गिनती बॉलीवुड के बेहतरीन अभिनेताओं में होती है। वह न सिर्फ बड़े पर्दे पर, बल्कि ओटीटी पर भी अपने दमदार अभिनय की छाप छोड़ चुके हैं। अली इंडस्ट्री के उन चुनिंदा अभिनेताओं में शुमार हैं, जिन्होंने अपने शानदार अदाकारी के बूते न सिर्फ बॉलीवुड, बल्कि हॉलीवुड में भी अपनी एक खास जगह बनाई है। पिछली बार हॉलीवुड फिल्म 'कंधार' में दिखे अली को अब एक और बड़ा मौका मिलने वाला है। दरअसल, 'कंधार' को फ्रैंचाइजी का रूप दिया जा रहा है।



# स्कारलेट की एडिटेड तस्वीर हो रही वायरल

**लॉस एंजिलस।** सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्म पर इन दिनों एक तस्वीर वायरल हो रही है, जिसमें हॉलीवुड अदाकारा स्कारलेट जोहानसन को एक रिक्शा पर बैठे देखा जा सकता है। पोस्ट में दावा किया जा रहा है कि यह तस्वीर स्कारलेट जोहानसन के दिल्ली दौरे की है। स्कारलेट ने कहा कि वायरल तस्वीर एडिटेड है उन्होंने कहा कि एक सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर के चेहरे पर एडिटिंग टूल्स की मदद से स्कारलेट जोहानसन का चेहरा चिपकाया गया है। बता दें कि फेसबुक यूजर अनिर्बान रॉय ने 4 अप्रैल को वायरल तस्वीर को शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा है दिल्ली की सड़क पर स्कारलेट जोहानसन।



# मिस्टर एंड मिसेज... देखने एक्साइटेड

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री आलिया भट्ट राजकुमार राव और जाह्नवी कपूर की आने वाली फिल्म मिस्टर एंड मिसेज माही देखने के लिए एक्साइटेड हैं। करण जौहर के धर्मा प्रोडक्शंस के बैनर तले बनी फिल्म मिस्टर एंड मिसेज माही भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान और महेंद्र सिंह धोनी पर आधारित है। फिल्म 'मिस्टर एंड मिसेज माही' में राजकुमार राव और जान्हवी कपूर मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म का पहला पोस्टर रिलीज कर दिया गया है। आलिया भट्ट ने अपने सोशल मीडिया हैंडल इंस्टाग्राम की स्टोरी पर मिस्टर एंड मिसेज माही का पोस्टर शेयर किया है। इस पोस्टर को आलिया ने ने जाह्नवी और राजकुमार को टैग करते हुए कैप्शन में लिखा कि इंतजार नहीं हो रहा शैरी। मिस्टर एंड मिसेजमाही 31 मई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।



# 'देवराः पार्ट-1' देखकर सभी को होगा गर्व

**मुंबई।** मैन ऑफ़ मासेस एनटीआर जूनियर ने कहा कि उनकी आने वाली फिल्म 'देवराः पार्ट 1' को देखकर सभी को गर्व महसूस होगा। मैन ऑफ मासेस एनटीआर जूनियर की बहुप्रतीक्षित और सबसे महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट 'देवराः भाग 1' पर सभी की निगाहें टिकी हुई हैं, फैंस बेसब्री से फिल्म की रिलीज का इंतजार कर रहे हैं। इस फिल्म में एनटीआर जूनियर के साथ सैफ अली खान और जान्हवी कपूर प्रमुख भूमिकाओं में हैं। एनटीआर जूनियर ने कहा कि फिल्म देवरा का इंतजार न केवल सार्थक होगा बल्कि लोगों को गर्व से भर देगा। यह मेरा आप सभी से वादा है कि 'देवरा' का इंतजार सार्थक होगा और फिल्म रिलीज होने पर हर फैंस गर्व से अपना कॉलर ऊंचा उठाएगा। कोराटाला शिवा द्वारा निर्देशित, 'देवारा' दो भागों में प्रदर्शित होगी।

टीवी मसाला

# कन्नप्पा से तेलुगु डेब्यू कर रहे अक्षय कुमार

**मुंबई।** बॉलीवुड सुपरस्टार अक्षय कुमार तेलुगु सिनेमा में कदम रख रहे हैं। वे 'कन्नप्पा' नामक तेलुगु फिल्म से अपनी शुरुआत करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। इस नए और रोमांचक वेंचर में, वे बहुमुखी तेलुगु स्टार विष्णु मांचू के साथ काम करेंगे। इतना ही नहीं, फिल्म में प्रभास और मोहनलाल जैसे अन्य बड़े नाम भी शामिल हैं। तेलुगु फिल्म क्षेत्र में कदम रखते हुए, अक्षय का लक्ष्य इस इंडस्ट्री में अपने आकर्षण और प्रतिभा को बिल्कुल नए दर्शकों तक पहुँचाना है। प्रोडक्शन से जुड़े करीबी सूत्रों के अनुसार, एक्शन से भरपूर इस आगामी



महाकाव्य में अक्षय की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है। उनका प्रदर्शन दर्शकों के लिए मनोरम और यादगार होने का वादा करता है, जो निस्संदेह उन पर एक स्थायी प्रभाव छोड़ेगा। अभिनेता एक गहन शूटिंग शेड्यूल के लिए हैदराबाद जा रहे हैं, जिसमें फिल्म के क्लाइमेक्स के एक महत्वपूर्ण हिस्से के साथ ही महत्वपूर्ण सीन्स को कैप्चर करने पर प्रमुख रूप से ध्यान दिया जाएगा।

# एड शीरन के गाने 'परफेक्ट' पर थिरकीं टीवी की 'जोधा बेगम'

**नई दिल्ली।** एक्ट्रेस परिधि शर्मा ने टीवी सीरियल 'जोधा अकबर' में 'जोधा बाई' की मुख्य भूमिका निभाई थी। इस सीरियल से परिधि शर्मा को घर-घर में लोकप्रियता मिली थी। 'जोधा' बन दर्शकों के दिलों पर छाने के बाद एक्ट्रेस परिधि शर्मा काफी समय तक पर्दे से दूर थीं, हालांकि जब उन्होंने वापसी की, तो वह पहली वाली पॉपुलैरिटी हासिल नहीं कर पाईं। इन दिनों ये एक्ट्रेस एक बार फिर सुर्खियों में छाई हुई हैं, लेकिन इस बार वह अपने किसी सीरियल के चलते नहीं बल्कि अपने एक डांस वीडियो की वजह से खबरों में बनी हुई हैं। बता दें, परिधि शर्मा को 'रुक जाना नहीं', 'ये कहां आ गए हम', 'पटियाला बेब्स' जैसे शोज में दमदार अभिनय के लिए जाना जाता है।

### ट्रेनर के साथ किया परफेक्ट डांस

परिधि शर्मा ने सोशल मीडिया इंस्टाग्राम पर एक रील वीडियो पोस्ट किया, जिसमें उन्हें अपने डांस ट्रेनर के साथ एड शीरन के ट्रैक 'परफेक्ट' पर डांस करते हुए देखा जा सकता है। एक्ट्रेस को वीडियो में नियॉन ग्रीन टी-शर्ट और काले रंग के शॉर्ट्स में देखा जा सकता है। इस पोस्ट को शेयर करते हुए एक्ट्रेस कैप्शन में लिखती हैं, 'डांस रिहर्सल. आपके समर्पण और डांस के प्रति प्यार के लिए शुक्रिया।



### फैंस बोले- प्लीज टीवी पर आ जाइए

फैंस ने परिधि के वीडियो पर खूब प्यार बरसाया। एक्ट्रेस के फैंस उनकी तारीफ करते नहीं थक रहे हैं। एक यूजर लिखते हैं, 'क्या खूबसूरत डांसर है। वहीं परिधि शर्मा के एक और फैन पर्दे पर उनकी वापसी को लेकर सवाल करते दिखे। वह लिखते हैं, 'प्लीज टीवी पर वापस आ जाइए। आपको पर्दे पर देखना बहुत अच्छा लगता है।

# मुनव्वर के डेब्यू वेब शो 'फर्स्ट कॉपी' का टीजर रिलीज ...

मुंबई। जानेमाने संगीतकार-रैपर बिग बॉस फेम मुनव्वर फारुकी के डेब्यू वेब शो 'फर्स्ट कॉपी' का टीजर रिलीज हो गया है। मुनव्वर फारुकी ने 'फर्स्ट कॉपी' नामक एक वेब सीरीज में अपने अभिनय कॅरियर की शुरुआत की घोषणा की है। मुनव्वर ने सोशल मीडिया पर सीरीज का आधिकारिक टीजर जारी किया। टीजर हमें 1999 में वापस ले जाता है, जब डीवीडी का चलन बहुत बड़ा था। फ़िल्में शुक्रवार को सिनेमाघरों में आती हैं, लेकिन कई लोग आधिकारिक रिलीज़ से पहले गुरुवार को डीवीडी पर फ़िल्म की 'पहली कॉपी' बनाने के लिए उत्सुक रहते हैं। मुनव्वर फारूकी ने कहा कि पिछले कई सालों से, मेरे फैंस हमेशा मेरे साथ खड़े रहे हैं और मैंने जो कुछ भी किया है, उसमें मेरा समर्थन किया है। इसलिए, मैं इस साल इस प्रोजेक्ट की घोषणा करके उन्हें एक ख़ास तोहफ़ा देना चाहता था, जहां वे मेरा एक नया पक्ष देखेंगे। मैं इस पर सभी की प्रतिक्रिया देखने के लिए उत्सुक हूं।






# इस फिल्मकार के साथ काम करना चाहती हैं नोरा

*__मुंबई।__ बॉलीवुड की जानीमानी अभिनेत्री नोरा फतेही, फिल्मकार संजय लीला भंसाली की फिल्म में काम करना चाहती हैं। मोरक्को की रहने वाली नोरा फतेही , हिंदी फिल्मों की काफी शौकीन थी। नोरा फतेही ने जब संजय लीला भंसाली की फिल्म देवदास देखी तो उन्होंने भारत में हिंदी फिल्मो में काम करने का फैसला किया।*



***देवदास देखकर आया अभिनेत्री बनने का आइडियाः***

*नोरा फतेही ने कहा, भारत में काम करने का ख्याल संजय लीला भंसाली की फिल्म देवदास को देखकर ही आया था। यदि मैं किसी दिन संजय लीला भंसाली की फिल्म की अभिनेत्री बनी तो वह मेरे करियर का टर्निंग प्वाइंट होगा। मैं चाहती हूं कि वह मुझमें यकीन करें कि मैं उनकी फिल्म की अभिनेत्री बन सकती हूं।कलाकार को बस एक मौका और वह इंसान चाहिए होता है, जो आप पर भरोसा करे।*






# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी




# नक्सलियों पर फोर्स का सबसे बड़ा अटैक

# मार गिराए 29

## इनमें टॉप कमांडर भी

कलपर के जंगल में अष्टमी की दोपहर हुई मुठभेड़, शव बरामद, भारी मात्रा में हथियार भी मिले

मुठभेड़ में बीएसएफ के एक इंस्पेक्टर व एक डीआरजी जवान को मामूली चोट

लोकसभा चुनाव की गहमागहमी के बीच कांकेर के कलपर में बीएसएफ व डीआरजी की संयुक्त टीम ने 29 नक्सली मार गिराए। सर्चिंग के दौरान इस टीम की नक्सलियों की एक टुकड़ी के साथ मंगलवार को दोपहर आमना-सामना हुआ। मुठभेड़ के बाद जवानों ने 29 नक्सलियों के शव और एके 47, इंसास, कार्बाईन व 303 रायफल सहित लगभग 10 से 15 हथियार जब्त किए हैं। नक्सल इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ है, जिसमें नक्सलियों को इतना नुकसान उठाना पड़ा है। मारे गए नक्सलियों में टॉप कमांडरों में से एक शंकर राव भी शामिल है।



कांकेर में सफल एंटी नक्सल ऑपरेशन पर केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने सुरक्षाबलों को बधाई दी

हरिभूमि ख़ास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

कांकेर पुलिस को इनपुट मिला कि नार्थ सब डिविजन ब्यूरो सचिव एवं एसजेडसीएम रामकृष्ण उर्फ कमलेश अपने लगभग 30 नक्सलियों के साथ थाना छोटेबेठिया क्षेत्रांतर्गत बिनागुंडा एवं कोरोनार के मध्य हापाटोला के जंगल (थाना छोटेबेटिया लगभग 15 किमी. पूर्व दिशा) में मौजूद है। इसकी जानकारी मिलने पर जिले के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आई. कल्याण एलेसिला ने पुलिस महानिरीक्षक सुंदराज पी. और डीआईजी केएल ध्रुव से मार्गदर्शन लेकर बीएसएफ के उच्च अधिकारियों से संवाद करके बीएसएफ और पखांजुर की डीआरजी टीम को कलपर इलाके के लिए रवाना ▶▶ शेष पेज 5 पर





### हम फिर कहते हैं कि माओवादी हिंसा का रास्ता छोड़ें : विष्णुदेव



रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कांकेर जिले में हुई नक्सल मुठभेड़ पर कहा कि मंगलवार दोपहर लगभग दो बजे जिला कांकेर के थाना छोटेबेटिया ▶▶ शेष पेज 5 पर

### 29 के शव और हथियार बरामद

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आई. कल्याण एलेसिला ने हरिभूमि को बताया कि अभी तक टीम वापिस नहीं आई है और अभी तक जो इनपुट मिला है, उसके तहत नक्सलियों के 29 शव और 15 हथियार बरामद हो चुके हैं, हथियार में कर्बाईन, एके 47, इंसास और 303 रायफल शामिल है। नक्सली शव में डीवीसी सदस्य शंकर राव और डीवीसी सदस्य ललिता की पहचान जवानों ने किया है।

## सुकमा, बीजापुर और कांकेर में 3 माह में 79 नक्सली ढेर

जगदलपुर। फोर्स लगातार नक्सलियों पर अपना शिकंजा कसते जा रही है। बीते तीन माह की बात करें तो अभी तक फोर्स ने 79 नक्सलियों को मुठभेड़ में मार गिराया है। टीसीओसी के दौरान नक्सलियों के खिलाफ अब तक का सबसे बड़ा एनकाउंटर कांकेर में मंगलवार सुबह हुआ, जिसमें संयुक्त सुरक्षाबलों ने 25 लाख के इनामी नक्सली कमाण्डर शंकर राव समेत 29 नक्सली को मार गिराया। इससे पूर्व बीजापुर में सप्ताह भर पहले एक ही दिन में सुरक्षाबलों ▶▶ शेष पेज 5 पर

### चलाया जा रहा सर्चिंग आपरेशन

आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए बस्तर संभाग में लगातार सर्चिंग आपरेशन चलाया जा रहा है। पिछले तीन माह के अंतराल में बीजापुर, कांकेर व सुकमा जिले में 79 नक्सली को ढेर किया जा चुका है। कांकेर के छोटेबेठिया इलाके में हुए मुठभेड़ में 3 जवान घायल हुए हैं, ▶▶ शेष पेज 5 पर

हरिभूमि से गृहमंत्री विजय शर्मा की सीधी बातचीत

## गृहमंत्री बोले-हम शांति चाहते हैं, चाहे उसके लिए कुछ भी करना पड़े



**रायपुर ।** प्रदेश के गृह मंत्री विजय शर्मा ने हरिभूमि से सीधी बातचीत में कहा, इतिहास में पहली बार हमारे सुरक्षा बलों के जवानों ने 29 नक्सलियों को मार गिराया है। इसके पहले कभी भी इतनी बड़ी सफलता नहीं मिली थी। श्री शर्मा से हुई सीधी बातचीत।

***सवाल- क्या पहली बार इतनी बड़ी संख्या में नक्सली मारे गए हैं?***

जवाब- इतिहास में पहली बार है कि इतनी बड़ी संख्या में नक्सली मारे गए हैं। हमारे जवानों ने नक्सलियों की माद में घुसकर सर्जिकल स्ट्राइक किया है। हमारी सरकार किसी भी हाल में बस्तर में शांति बहाली चाहती है और बस्तर का विकास चाहती है। बस्तर के विकास के लिए हम कुछ भी करने के लिए तैयार हैं।

***सवाल- नक्सलियों से चर्चा के लिए क्या अब भी तैयार हैं?***

जवाब- जरूर हम बस्तर में शांति के लिए चर्चा के लिए तैयार हैं। हर हाल में खून खराब रूकना चाहिए। इसके लिए हमारी सरकार नक्सलियों से बात करने के लिए तैयार है। इसके लिए माध्यम चाहे कोई भी हो, चाहे वह मीडिया माध्यम हो या और कोई माध्यम हो। हम चर्चा करने के लिए तैयार हैं।

फैक्ट फाइल

- अब तक के सबसे बड़े एनकाउंटर में 29 नक्सली मारे गए
- नक्सलियों पर करोड़ों का था इनाम घोषित

## यह देश की सबसे बड़ी सर्जिकल स्ट्राइक, तीन साल पहले गढ़चिरौली में मारे थे 27

हरिभूमि तत्काल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

कांकेर जिले में पुलिस ने 29 नक्सलियों को मार गिराया। पुलिस ने सभी के शव बरामद कर लिए हैं। देश में नक्सलियों के खिलाफ अब तक जितने भी ऑपरेशन हुए है उन सभी में यह अब तक की सबसे बड़ी सर्जिकल स्ट्राइक है। ऐसा पहली बार है जब 29 के शव बरामद हुए हैं। इससे पहले महाराष्ट्र के गढ़ चिरौली में तीन साल पहले 27 नक्सली मारे गए थे। इसी तरह ओडिशा के रामगढ़ में हुई मुठभेड़ में 27 नक्सलियो को मारने का रिकार्ड बना था। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कल्याण एलेसेला का दावा है कि देश में पहली बार किसी ▶▶ शेष पेज 5 पर

### 2019 में हुई थी मुठभेड़

महाराष्ट्र के गढ़चिरौली जिले में पुलिस के साथ मुठभेड़ में 27 नक्सली मारे गए थे। यह घटना महाराष्ट्र का पूर्वी जिला गढ़चिरौली मुंबई से 900 किलोमीटर से अधिक दूरी पर हुई थी। वर्ष 2021 में हुई इस घटना में सी-60 पुलिस कमांडो दल ने कोर्ची के मर्दिनटोला वन क्षेत्र में तलाश अभियान शुरू किया था, जिसके बाद मुठभेड़ शुरू हुई थी। मृतकों में नक्सलियों के एक प्रमुख नेता के भी शामिल होने की बात सामने आई थी। ▶▶ शेष पेज 5 पर

### ओडिशा में मारे गए थे 24 नक्सली

*आंध्र प्रदेश की सीमा से कुछ किलोमीटर दूर ओडिशा के मलकानगिरी जिले में जंत्री के पास आंध्र प्रदेश और ओडिशा पुलिस की संयुक्त टीम के साथ हुई मुठभेड़ में प्रतिबंधित सीपीआई (माओवादी) के चौबीस सदस्य मारे गए। थे। यह घटना अक्टूबर 2016 में हुई थी। इसे क्षेत्र में माओवादी पार्टी को हुई यह सबसे बड़ी क्षति माना गया था। आंध्र और ओडिशा पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में 24 माओवादियों की मौत की पुष्टि हुई थी। मृतकों में सात महिला और 17 पुरुष नक्सली शामिल थे।*






# हरिभूमि रण भूमि
लोकसभा
## सत्ता संग्राम-2024



> लोकसभा चुनाव में भाजपा ने दूसरे चरण के साथ तीसरे चरण के लिए भी अभी से पूरी ताकत झोंक दी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की तीन दिनों तक लगातार सभाएं होंगी। तीन दिनों में आधा दर्जन सभाओं के साथ राष्ट्रीय अध्यक्ष चुनावी रणनीति बनाने के लिए प्रदेश संगठन और चुनाव के प्रभारियों की बैठक भी लेंगे। कांग्रेस के राष्ट्रीय नेताओं की भी सभाओं का दौर दूसरे चरण के लिए प्रारंभ होगा। 21 अप्रैल को प्रियंका गांधी की राजनांदगांव के साथ कांकेर में सभा होगी।

### भाजपा ने दूसरे और तीसरे चरण के लिए झोंकी ताकत

# 21 को योगी-प्रियंका राजनांदगांव में, 22 को नड्डा की तीन और 23 को पीएम की धमतरी, जांजगीर में सभाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में लोकसभा का चुनाव तीन चरणों में होना है। पहले चरण में बस्तर की सीट पर 19 अप्रैल को मतदान होना है। बस्तर में तो सभाओं का दौर लगभग पूरा हो गया है। अब वहां पर बुधवार को चुनाव प्रचार भी थम जाएगा। ऐसे में भाजपा ने अब दूसरे और तीसरे चरण के लिए राष्ट्रीय नेताओं की सभाएं तय की हैं। अब लगातार राष्ट्रीय नेताओं का आना होगा।

### 21 को योगी-प्रियंका राजनांदगांव में

राजनांदगांव की सीट हाई प्रोफाइल हो गई है, क्योंकि यहां से भाजपा के संतोष पांडेय के सामने प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल चुनाव लड़ रहे हैं। भाजपा और कांग्रेस दोनों ने यहां पर ताकत झोंकी है। केंद्रीय मंत्री अमित शाह की खैरागढ़ में सभा हो चुकी है। अब 21 अप्रैल को उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सभा तय की गई है। यह सभा राजनांदगांव में होगी। इसी दिन यहां पर प्रियंका गांधी की भी सभा होगी।



- राष्ट्रीय नेताओं की लगातार तीन दिनों तक सभाएं
- कांग्रेस के राष्ट्रीय नेताओं का दौरा तय

### 22 को नड्डा की कांकेर रायपुर, दुर्ग में सभाएं

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा का पहला दौरा 22 अप्रैल को होने वाला है। उनके इस दौरे में एक साथ तीन सभाओं की रणनीति बनी है। पहली सभा कांकेर लोकसभा में होगी। इसके बाद दूसरी सभा दुर्ग लोकसभा के भिलाई और तीसरी रायपुर लोकसभा के चंदखुरी में होगी। इसी के साथ राष्ट्रीय अध्यक्ष शाम को रायपुर में प्रदेश संगठन की लोकसभा चुनाव को लेकर बैठक भी लेंगे।

### 23 को आएंगे पीएम मोदी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का एक बार फिर से 23 अप्रैल को आना होगा। इस दौरे में उनकी एक सभा दूसरे चरण के लिए महासमुंद लोकसभा के धमतरी में होगी। सभा में महासमुंद लोकसभा की प्रत्याशी रूपकुमारी चौधरी तो रहेंगी ही, साथ ही कांकेर के प्रत्याशी भोजराज नाग को भी बुलाने की तैयारी है। तीसरे चरण के लिए होने वाले चुनाव में जांजगीर चांपा में भी पीएम मोदी की इसी दिन सभा होगी। इसके लिए स्थान का चयन करने का काम अंतिम चरण में है। संभावना शक्ति में सभा होने की ज्यादा है। पहली सभा इसी लोकसभा में और दूसरी महासमुंद लोकसभा में होगी।

## आमने/सामने

### कांग्रेस की एक लाख की योजना को कांग्रेसी ही बता रहे फर्जी- संजय श्रीवास्तव



भाजपा संगठन के प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव ने कहा, महिलाओं को एक लाख रुपए सालाना देने के नाम पर कांग्रेस के लोगों द्वारा भराए जा रहे फार्म को लेकर कांग्रेस के बस्तर के अध्यक्ष सुशील मौर्य ने ही इसको झूठा बताया है। इससे कांग्रेस का झूठ सबके सामने आ गया है। योजना को कांग्रेसी ही फर्जी बता रहे हैं, फिर इस पर जनता कैसे भरोसा कर लेगी।

### कांग्रेस की एक लाख वाली महालक्ष्मी योजना से डर गई है भाजपा : सुशील शुक्ला



प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा, लोकसभा चुनाव घोषणापत्र में लाई गई नारी न्याय महालक्ष्मी योजना के बारे में भाजपा की झूठी बयानबाजी बता रही है कि इसके फार्म भरवाने के कारण भाजपा डर गई है। यह महिलाओं को उनका अधिकार देने के लिए किए जाने वाला वादा है।

## दुर्ग में नहीं गली दाल तो सरोज आई कोरबा : भूपेश बघेल



**कोरबा।** लोकसभा से कांग्रेस प्रत्याशी सांसद ज्योत्सना महंत ने मंगलवार को अपना नामांकन दाखिल किया। इस दौरान उनके साथ पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत, पीसीसी चीफ दीपक बैज, पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल उपस्थित रहे। ज्योत्सना महंत के नामांकन अवसर पर घंटाघर में आमसभा आयोजित की गई जिसमें कोरबा के अलावा रामपुर, कटघोरा, पाली-तानाखार, मरवाही, भरतपुर सोनहत, मनेन्द्रगढ़ व बैकुंठपुर-कोरिया विधानसभा से कांग्रेस के पदाधिकारी शामिल हुए।निहारिका स्थित घंटाघर में आयोजित आम सभा को संबोधित करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भाजपा पर जमकर निशाना साधा। श्री बघेल ने चुटकी लेते हुए कहा कि दुर्ग में सरोज पाण्डेय की दाल नहीं गली तो वे कोरबा आ गई हैं। नामांकन सभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस प्रत्याशी ज्योत्सना महंत ने कहा कि लोकसभा में कांग्रेस के मात्र 2 सांसद भाजपा के 9 सांसदों पर भारी थे।

### आमसभा में उमड़ा जनसैलाब कांग्रेसियों ने बीजेपी पर बोला हल्ला



## सरोज ने जमा किया नामांकन बोलीं- विकास, भ्रष्टाचार है मुद्दा



### कहा जनता और माता का मिलेगा आशीर्वाद

**कोरबा।** कोरबा लोकसभा क्षेत्र की भाजपा प्रत्याशी सरोज पांडेय ने मंगलवार को अपना नामांकन पत्र दाखिल कर दिया। इस दौरान सुश्री सरोज पांडेय ने कहा कि नवरात्रि शक्ति और भक्ति का पर्व है जिसे हम सब बड़े ही आस्था के साथ मनाते हैं। आज महा अष्टमी का पर्व है इस मौके पर अपना नामांकन दाखिल की हूं। माता और जनता का आशीर्वाद मिलेगा, विकास और भ्रष्टाचार के मुद्दे को लेकर जनता के बीच जाकर समर्थन मांगा जा रहा है। पिछले पांच वर्षों में यहां विकास शून्य और भ्रष्टाचार असीम बना रहा है। 18 अप्रैल को प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की उपस्थिति में वरिष्ठ नेताओं के साथ पुनः नामांकन दाखिल किया जाएगा। कोरबा लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी सुश्री सरोज पांडेय के नामांकन दाखिले के दौरान उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन, भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ राजीव सिंह, आरिफ खान समेत भाजपा के अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### इंडिया गठबंधन दोनों सीटों पर लड़ेगा वर्चस्व कायम करने की जंग

# त्रिपुरा : भाजपा के सामने दोनों लोकसभा सीट बचाने की चुनौती

>> भाजपा शासित राज्य त्रिपुरा की दो लोकसभा सीटों पर दो चरणों में होने वाले लोकसभा चुनाव भी दिलचस्प होने की संभावना है। जहां भाजपा को अपनी दोनों सीटों को बचाने के लिए वर्चस्व के लिए चुनावी जंग करने की चुनौती होगी। वहीं इन दोनों सीटों पर भाजपा की चुनावी रणनीति को ध्वस्त करके इंडिया गठबंधन की जनाधार कायम करने के लिए अग्नि परीक्षा होगी।

ओपी पाल ▶▶| नई दिल्ली

त्रिपुरा में 19 अप्रैल को पहले चरण की त्रिपुरा पश्चिम लोकसभा सीट के साथ एक विधानसभा सीट के लिए उपचुनाव भी कराया जा रहा है। यहां भाजपा और इंडिया गठबंधन के बीच ही मुख्य मुकाबला माना जा रहा है। इसी दृष्टि से पहले चरण में पश्चिम त्रिपुरा सीट पर 150 संवेदनशील मतदान केंद्रों को चिन्हित करके वहां केंद्रीय सुरक्षा बलों की तैनाती करने की व्यस्था की है। त्रिपुरा में कुल 3350 मतदान केंद्र बनाए गये हैं,जिनमें ब्रू बस्तियों के मतदाताओं को मतदान कराने के लिए 12 सहायक मतदान केंद्र भी शामिल हैं।

### मिजोरम के 17 हजार लोग भी डालेंगे वोट

पूर्वोत्तर में 60 विधानसभा सीटों वाले त्रिपुरा राज्य की दोनों लोकसभा सीटों में 30-30 विधानसभाएं हैं। दोनों लोकसभा सीटों पर इस बार 28,60,287 मतदाता मतदान करेंगे। मिजोरम के लगभग 17 हजार ब्रू निवासी त्रिपुरा के इन लोकसभा चुनाव में दोनों सीटों पर मतदान करेंगे। दरअसल साल 2020 में हुए एक चौगुने समझौते के बाद त्रिपुरा के दस स्थानों से पुनर्वासित ब्रू भी शामिल हैं, जो 22 साल से ज्यादा समय से उत्तरी त्रिपुरा के छह शिविरों में रह रहे थे। हालांकि वे मिजोरम के मतदाता हैं।




### दो सीटों पर 18 प्रत्याशी

*त्रिपुरा पश्चिम लोकसभा सीट पर पहले चरण में 19 अप्रैल को होने वाले चुनाव में भाजपा के बिपल्व कुमार देब समेतत नौ प्रत्याशी अपनी किस्मत आजमाएंगे। जबकि कांग्रेस के राज्य अध्यक्ष असिश कुमार साहा इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी शामिल हैं। जबकि त्रिपुरा पूर्वी लोकसभा सीट पर 26 अप्रैल को दूसरे चरण के चुनाव में दो महिला समेत नौ प्रत्याशी मैदान में हैं। जहां भाजपा के कृति देवी देबबर्मा और सीपीआई-एम के राजेंद्र रेनग के बीच चुनावी जंग होने की उम्मीद है। भाजपा और इंडिया ब्लॉक सहित 18 उम्मीदवारों में से अधिकांश पहली बार लोकसभा चुनाव लड़ रहे हैं।*

### पहले चरण में कड़ा इम्तिहान

पश्चिम त्रिपुरा लोकसभा क्षेत्र में 793 मतदान केंद्र स्थापित किए जाएंगे, जिनमें से 150 की पहचान 'असुरक्षित' के रूप में की गई है। इस सीट के हरेक विधानसभा क्षेत्र में एक या दो मतदान केंद्र आदर्श मतदान केंद्र, एक या दो महिला आधारित और एक या दो युवा पुरुष आधारित मतदान केंद्र स्थापित किये जा रहे हैं। सुरक्षा की समीक्षा के बाद आयोग ने इस लोकसभा क्षेत्र में सुरक्षा बलों की 14 कंपनियां तैनात कर दी है, जिन्हें जरुरत पड़ने पर दोगुना करने की व्यवस्था भी की गई है।

### मिजोरम : भाजपा के लिए खाता खोलने की चुनौती

लोकसभा की एक सीट के लिए मिजोरम में 19 अप्रैल को चुनाव होगा। 40 विधानसभा क्षेत्रों वाले मिजोरम की एक मात्र लोकसभा सीट पर इस बार 4.41 लाख महिलाओं समेत कुल 8,61,277 हैं। पहले चरण में 19 अप्रैल को मतदान में 36214 नए मतदाता पहली बार वोटिंग करेंगे। आयोग ने इस सीट पर 1276 मतदान केंद्र स्थापित किये हैं। इस सीट पर अब तक हुए 11 लोकसभा चुनाव में अब तक भाजपा अपना खाता नहीं खोल पाई है, जहां पांच बार निर्दलीय प्रत्याशियों ने अपना वर्चस्व कायम किया और कांग्रेस भी जीत का स्वाद चख चुकी है। साल 2019 के चुनाव में मिजो नेशनल फ्रंट ने इस सीट पर जीत हासिल की थी।

#### बिना हिंसा के होता है सर्वाधिक मतदान

पूर्वोत्तर का मिजोरम ऐसा राज्य है, जहां चुनावी हिंसा रहित सर्वाधिक मतदान भी होता रहा है। चुनाव आयोग के अनुसार राज्य में कानून-व्यवस्था की स्थिति बनाए रखने के लिए तीन हजार से अधिक राज्य पुलिसकर्मियों और केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (सीएपीएफ) की 15 कंपनियों (लगभग 1,000 कर्मी) को तैनात किया जा रहा है। हालांकि मिजोरम उन राज्यों में से एक है जहां चुनाव संबंधी हिंसा और घटनाएं हमेशा लगभग शून्य होती हैं और वोटिंग प्रतिशत देश में सबसे ज्यादा होता है।

### बिहार में बोले पीएम मोदी

# '25 करोड़ देशवासियों को गरीबी से बाहर निकाला'

एजेंसी ▶▶| पटना

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को बिहार के गया में एक चुनावी रैली को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि ये वो धरती है जिसने मगध का ऐश्वर्य देखा है, जिसने बिहार का वैभव देखा है। संयोग से आज जब मैं गया जी आया हूं, तो नवरात्रि भी है और आज ही सम्राट अशोक की जयंती भी है। सदियों बाद आज एक बार फिर भारत और बिहार अपने उस प्राचीन गौरव को लौटाने के लिए आगे बढ़ रहे हैं. ये चुनाव विकसित भारत, विकसित बिहार के उसी संकल्प का चुनाव है।



गया की धरती पर उमड़ा ये जनसैलाब, ये अपार जनसमर्थन साफ बता रहा है - फिर एक बार मोदी सरकार. अभी 2 दिन पहले भाजपा ने अपना संकल्प पत्र जारी किया है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि ऐसा पहली बार है, जब किसी पार्टी के संकल्प पत्र को गारंटी कार्ड बोला जा रहा है।

#### 'जल्द घुटनों पर आएगी टीएमसी

बालुरघाट। पश्चिम बंगाल के बालुरघाट की रैली में पीएम मोदी ने कहा कि ये पहली रामनवमी है, जब अयोध्या में भव्य राम मंदिर में रामलला विराजमान हो चुका है। उन्होंने कहा कि मुझे पता है कि टीएमसी ने हमेशा की तरह यहां रामनवमी उत्सव को रोकने के लिए पूरी कोशिश की है, परंतु जीत सत्य की होती है। पश्चिम बंगाल में रैली के दौरान पीएम ने कांग्रेस पार्टी को भी निशाने पर लिया है।

### मंगलवार को राहुल गांधी ने 'एक्स' पर लिखा

# खत्म करेंगे अग्निपथ योजना, इस मामले में क्यों 'अस्पष्ट' हैं रक्षामंत्री?

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव में पहले चरण के मतदान से पहले कांग्रेस पार्टी ने सेना भर्ती के लिए शुरू की गई 'अग्निपथ' योजना पर खास फोकस किया है। राहुल गांधी से लेकर पार्टी के दूसरे नेता, अपनी चुनावी रैलियों में 'अग्निपथ' योजना की कमियां गिना रहे हैं। इतना ही नहीं, कांग्रेस नेता इस मुद्दे को लेकर सोशल मीडिया में भी मुखर हैं। मंगलवार को राहुल गांधी ने 'एक्स' पर लिखा, 'अग्निपथ' योजना, भारतीय सेना और देश की रक्षा करने का सपना देखने वाले



बहादुर युवाओं का अपमान है। यह भारतीय सेना की नहीं, नरेंद्र मोदी के कार्यालय में बनी योजना है, जिसे सेना पर थोप दिया गया है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह 'अग्निपथ' पर अस्पष्ट इसलिए हैं, क्योंकि भाजपा युवाओं को गुमराह करके सिर्फ लोकसभा चुनाव में वोट लेना चाहती है।

#### अग्निवीर भर्ती योजना में बदलाव के लिए तैयार

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पिछले दिनों कहा था कि उनकी सरकार जरूरत पड़ने पर अग्निवीर भर्ती योजना में बदलाव के लिए तैयार है। हालांकि राजस्थान में चुनाव प्रचार के दौरान रक्षा मंत्री ने कहा, अग्निवीरों का भविष्य बेहद सुनहरा है। अग्निवीरों को अलग-अलग सरकारी विभागों में नौकरी मिलेगी। राहुल गांधी ने अग्निवीरों को लेकर अपनी पोस्ट में लिखा, शहीदों के साथ दो तरह का व्यवहार नहीं किया जा सकता, हर व्यक्ति जो देश के लिए सर्वोच्च बलिदान देता है, उसे शहीद का दर्जा मिलना चाहिए।

### 1967 का है वाकया... इनसे ही बनी है 'आया राम, गया राम' कहावत

# एक ही दिन में तीन बार पार्टी बदलने वाला विधायक

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



लोकसभा चुनाव 2024 के बीच दलबदल शब्द 2 कारणों से सुर्खियों में है। पहला कारण भारतीय जनता पार्टी का टिकट वितरण है। एडीआर के मुताबिक सत्ताधारी बीजेपी ने 28 प्रतिशत टिकट दलबदलुओं को दिया है। दलबदल शब्द के चर्चा में होने की दूसरी बड़ी वजह कांग्रेस का मेनिफेस्टो है। कांग्रेस पार्टी ने वादा किया है कि 2024 में अगर उसकी सरकार बनती है, तो वो दलबदल को लेकर सख्त कानून बनाएगी। 2014 से लेकर अब तक देश में सांसद-विधायक स्तर के करीब 1200 नेताओं ने पाला बदला है। एडीआर के मुताबिक 2014 से 2021 तक संसद स्तर के 426 नेताओं ने बीजेपी का दामन थामा है। भारत में दलबदल का इतिहास करीब 60 साल पुराना है। 1967 में हरियाणा के एक विधायक गया लाल ने एक दिन में ही 3 बार पलटी मारी थी। उनके इस कृत्य की चर्चा आज तक होती है। गया लाल हरियाणा के 2 बार विधायक रह चुके हैं। वर्तमान में उनकी विरासत उनके बेटे चौधरी उदयभान संभाल रहे हैं। चौधरी उदयभान हरियाणा कांग्रेस के अध्यक्ष भी हैं।

#### दलबदल की कहानी

*पंजाब से अलग होने के बाद साल 1967 में हरियाणा में विधानसभा के चुनाव हुए। 81 सीटों के लिए हुए इस चुनाव में कांग्रेस को 48 सीटों पर जीत मिली। पार्टी की तरफ से भगवत दयाल को मुख्यमंत्री बनाया गया। कांग्रेस के 12 विधायकों ने दयाल का विरोध कर दिया। कांग्रेस को अल्पमत में आते देख विपक्षी पार्टियों ने संयुक्त मोर्चा का गठन किया, जिसमें 16 निर्दलीय विधायक भी शामिल थे। इन विधायकों के सहयोग से राव बीरेंद्र सिंह हरियाणा के मुख्यमंत्री बने, लेकिन तभी एक बड़ा उलटफेर हो गया। कांग्रेस हाईकमान ने हसनपुर से निर्दलीय विधायक गया लाल को तोड़ लिया। गया लाल ने दोपहर दो बजे चंडीगढ़ के कांग्रेस कार्यालय में पार्टी की सदस्यता भी ले ली। लेकिन अपनी सरकार बचाने सीएम राव बीरेंद्र सिंह गया लाल को मनाने में जुट गए। देर रात उन्हें कामयाबी भी मिली और गया लाल उसी दिन फिर से संयुक्त मोर्चा में शामिल हो गए। गया लाल को लेकर जब मुख्यमंत्री राव से सवाल पूछा गया तो उन्होंने कहा कि गया राम जी अब आया राम हो गए हैं। बाद में संसद में इसे तत्कालीन केंद्रीय मंत्री वाईवी चौहान ने दलबदलुओं के लिए एक मुहावरे के तौर पर पेश किया। चौहान ने कहा कि देश में अब आया राम और गया राम के खेल को रोकेने की जरूरत है।*

#### क्यों आई दलबदल की ऐसी नौबत

गया लाल को एक ही दिन में 3 बार पार्टी क्यों बदलनी पड़ी, इसको लेकर उनके बेटे चौधरी उदयभान ने एक खुलासा किया था। उदयभान के मुताबिक 1967 में मेरे पिता विधानसभा का चुनाव लड़ना चाहते थे, लेकिन भगवत दयाल ने उनका टिकट कटवा दिया। विधायकों ने जब बगावत शुरू किया, तब राव बीरेंद्र सिंह के कहने पर वे विपक्षी मोर्चे में शामिल हो गए। उदयभान के मुताबिक बीरेंद्र सिंह की सरकार बनने के बाद उनसे कांग्रेस के बड़े नेताओं ने संपर्क साधा और यह आश्वासन दिया कि चौधरी चांदराम मुख्यमंत्री बनेंगे, लेकिन वे अपने वादे से मुकर गए। इसके पिता जी फिर विपक्षी गठबंधन में चले गए। उदयभान आगे कहते हैं- 1972 और 1982 में भी उनसे कांग्रेस ने संपर्क किया, लेकिन बूटा सिंह ने उनकी टिकट कटवा दी।

#### देश के 3 बड़े दलबदलू

- हीरानंद आर्य- हरियाणा के पूर्व मंत्री हीरानंद आर्य अपने पूरे राजनीतिक जीवन में 7 बार दल बदले। आर्य कांग्रेस, लोकदल और जनता पार्टी के जरिए यह खेल कर चुके हैं।
- स्वामी प्रसाद मौर्य- उत्तर प्रदेश के पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य भी अपने राजनीतिक करियर में 5 बार पाला बदल चुकेहैं।
- नरेश अग्रवाल- मुलायम सरकार में मंत्री रहे नरेश अग्रवाल अभी बीजेपी में हैं। 40 साल के राजनीतिक करियर में अग्रवाल 4 पार्टियों में रह चुके हैं।

रायपुर
बुधवार, 17 अप्रैल 2024
चैत्र शुक्ल पक्ष नवमीं
वर्ष : 22, अंक : 269
पृष्ठ : 12+6+4 = 22 मूल्य : 5.00**
मौसम
अधि. 39.2
न्यून. 26.4
haribhoomi.com

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी










# 92 साल में पहली बार बदल रही मां काली की प्रतिमा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

राजधानी रायपुर के ऐतिहासिक आकाशवाणी काली माता मंदिर में प्रतिमा विग्रह होने जा रहा है। 92 वर्षों बाद यहां पूर्व में स्थापित प्रतिमा के स्थान पर नवीन प्रतिमा स्थापित की जाएगी। 26 अप्रैल को छग के धार्मिक इतिहास में नया अध्याय जुड़ेगा। संभवतः यह प्रदेश में पहली बार है, जब मां की ▶▶शेष पेज 5 पर

**शास्त्रों में वर्जित है खंडित प्रतिमाओं का पूजन, इसलिए फैसला**

**ओडिशा के अंदरूनी जंगलों में मिलने वाले काले पत्थर से निर्मित है नई प्रतिमा**

## राजधानी के ऐतिहासिक आकाशवाणी काली माता मंदिर में प्रतिमा विग्रह

### हैदराबाद, अयोध्या और ऋषिकेश से आएंगे ज्ञाता

नवीन मूर्ति की स्थापना संबंधित प्रक्रिया 24 अप्रैल से प्रारंभ होगी। इसके लिए हैदराबाद, अयोध्या और ऋषिकेश से विद्वानों को आमंत्रित किया गया है। संस्कृत प्राचार्य और वेदों के ज्ञाताओं सहित उनकी पूरी टीम इस महाअनुष्ठान का हिस्सा बनेगी, ताकि किसी भी तरह की त्रुटि ना रह जाए। 24 अप्रैल से प्रक्रिया प्रारंभ होने के बाद 26 अप्रैल को नवीन प्रतिमा स्थापित कर दी जाएगी। 26 अप्रैल को सुबह 11 बजे के बाद भक्त नवीन प्रतिमा के दर्शन कर सकेंगे।

### गंगा सागर में हो सकता है विसर्जन

मंदिर प्रबंधन के अनुसार, काली माता की प्राचीन प्रतिमा को गहरे समुद्र में विसर्जित किया जाएगा। हालांकि इसके विसर्जन प्रक्रिया पर अभी सहमति नहीं बन सकी है, इसलिए इस पर अंतिम निर्णय नहीं लिया जा सका है। आचार्यों और शास्त्रों के ज्ञाताओं की पारस्परिक सहमति के बाद ही इसका निर्धारण होगा। प्राप्त जानकारी के अनुसार, गंगा सागर में प्रतिमा विसर्जन की संभावना है।

### नहीं है कोई फर्क, लगा 10 महीने का समय

मंदिर प्रबंधन के डॉ. डीके दुबे ने बताया, नवीन और प्राचीन प्रतिमा में कोई फर्क नहीं है। भक्त नवीन प्रतिमा को देखकर यह पहचान ही नहीं सकेंगे कि यह प्राचीन प्रतिमा ना होकर नवीन प्रतिमा है। नवीन प्रतिमा का निर्माण काले पत्थरों से किया गया है। इसका निर्माण ओडिशा के मयूरभंज जिले में किया गया है। इसके निर्माण में 10 माह का समय लगा है। मूर्ति निर्माण में प्रयोग किए गए ब्लैक हार्ड स्टोन को ▶▶शेष पेज 5 पर

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366

INDIAN PREMIER LEAGUE 2024 स्कोर बोर्ड

| कोलकाता | | राजस्थान |
|---|---|---|
| 223/6 | Vs | 224/8 |

2 विकेट से जीता राजस्थान
जोश बटलर 107 रन नाबाद
प्लेयर ऑफ द मैच

आज का मैच
गुजरात Vs दिल्ली
समय : शाम 7.30 बजे

## खबर संक्षेप

### सटोरियों को बचाने प्रधान आरक्षक ने मांगे तीन लाख



**भिलाई।** शुक्रवार-शनिवार की दरम्यानी रात को क्राइम ब्रांच टीम ने आईपीएल सट्टा मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया था। आरोपियों को बचाने के एवज में थाने में पदस्थ प्रधान आरक्षक ने तीन लाख रुपए का रिश्वत का डिमांड करने का मामला सामने आया है। घटना की जानकारी एसपी जितेन्द्र शुक्ला तक पहुंचने के बाद प्रधान आरक्षक को तुरंत सस्पेंड कर दिया है। पदमनाभपुर पुलिस थाना में पदस्थ प्रधान आरक्षक हरिश चंद्रा चौधरी ने आईपीएल सट्टा मामले में पुलिस ने मृत्युंजय चंद्राकर, मनीष लेगवानी और ▶▶शेष पेज 5 पर

### झेलम नदी में नाव पलटी, छह की मौत



**श्रीनगर।** श्रीनगर शहर के बाहरी इलाके में मंगलवार को झेलम नदी में एक नाव के पलट जाने से छह लोगों की मौत हो गई। यह घटना गंदबल नौगाम इलाके में सुबह करीब आठ बजे हुई। अबतक छह लोगों को नदी से सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया है। पिछले कुछ दिनों से लगातार हुई बारिश के कारण झेलम नदी के साथ ही झीलों एवं जलाशयों के जलस्तर में वृद्धि हुई है।

### 'एक्स' में पोस्ट करने के लिए देना होगा शुल्क

**नई दिल्ली।** सोशल मीडिया मंच 'एक्स' अब नए उपयोगकर्ताओं से कुछ भी साझा करने, किसी पोस्ट को 'लाइक' करने, बुकमार्क और किसी पोस्ट पर जवाब देने का विकल्प इस्तेमाल करने के लिए शुल्क लेगा। उपयोगकर्ता अब भी मंच का निःशुल्क इस्तेमाल और उस पर किसी अन्य खाते को 'फॉलो' कर सकते हैं।




## अनुषा ने एनआईटी प्लेसमेंट के बजाय प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी की

**मां आईएएस, पिता आईपीएस और भाई ने भी किया यूपीएससी क्लीयर**

आईएएस रेणु पिल्ले और आईपीएस संजय पिल्ले की बेटी अनुषा को 202 रैंक हासिल हुई है। हरिभूमि से विशेष बातचीत में अनुषा ने बताया कि यह उनका दूसरा प्रयास था। पहले प्रयास में प्रीलिम्स भी नहीं निकाल सकी थी। उनके भाई अक्षय का चयन 2 साल पहले ही यूपीएससी में हो चुका है। अक्षय की 51वीं रैंक आई थी। एनआईटी से बीटेक करने वाली 24 वर्षीय अनुषा बताती हैं कि घर में पढ़ाई का माहौल था। माता-पिता का हमेशा से भावनात्मक सहयोग रहा है। उन्होंने अनुशासन को हमेशा से ही महत्व दिया। स्कूल-कॉलेज से ही तय कर लिया था कि प्रशासनिक सेवा में ही जाना है, इसलिए प्लेसमेंट में बैठने के स्थान पर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी की। रोजाना 8-9 घंटे की पढ़ाई की। परीक्षा के दिनों में समय बढ़ा दिया करती थी।

यूपीएससी 2023 का फाइनल रिजल्ट, आईपीएस की ट्रेनिंग पर रहे आदित्य

# आईपीएस आदित्य अब आईएएस टॉपर
# छग से पांच, टॉप 10 में चार महिलाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

संघ लोक सेवा आयोग ने यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा-2023 के लिए अंतिम परिणाम घोषित कर दिए। सूची में कुल 1016 उम्मीदवारों ने जगह बनाई है। लखनऊ के निवासी आदित्य श्रीवास्तव ने यूपीएससी की परीक्षा में टॉप कर आईएएस बन गए। आदित्य श्रीवास्तव पश्चिम बंगाल में अंडर ट्रेनिंग आईपीएस के पद पर कार्यरत हैं। इसी तरह अनिमेष प्रधान दूसरे और डोनुरु अनन्या रेड्डी तीसरे स्थान पर रहे। सूची में छत्तीसगढ़ से पांच अभ्यर्थियों ने जगह बनाई है।

सिविल सेवा परीक्षा 2023 के टॉपर आदित्य श्रीवास्तव ने कानपुर स्थित भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान से इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में स्नातक किया है। यूपीएससी के मुताबिक, राउरकेला स्थित राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी ▶▶शेष पेज 5 पर

### पीएम मोदी ने सफल अभ्यर्थियों को दी बधाई, असफल को दिया संदेश




**ये है टॉप-10**

1. आदित्य श्रीवास्तव
2. अनिमेष प्रधान
3. डोनुरु अनन्या रेड्डी
4. पीके सिद्धार्थ रामकुमार
5. रुहानी
6. सृष्टि डबास
7. अनमोल राठोड़
8. आशीष कुमार
9. नौशीन
10. एश्वर्यम प्रजापति

**सात साल के बाद रंग लाई मेहनत**

आदित्य श्रीवास्तव ने अक्टूबर 2017 से सिविल परीक्षा की तैयारी शुरू की थी। इस दौरान जब आदित्य श्रीवास्तव से बात की गई तो उन्होंने बताया कि उन्होंने अपने सीनियर की काफी मदद ली थी, उनका अनुभव भी इन्हें टॉप करने में काफी काम आया। उन्होंने यूपीएससी का एग्जाम दिया था, जिसमें उनकी 485 रैंक आई थी, लेकिन 2023 में उन्होंने यूपीएससी सिविल सेवा में देश में टॉप किया है। आदित्य ने 5 से 6 घंटे लगातार पढ़ाई करके टॉप किया है।

### जगदलपुर की जिज्ञासा को 681 रैंक



**जगदलपुर।** संघ लोक सेवा आयोग के 2023 के परिणाम में जगदलपुर की छात्रा जिज्ञासा सहारे का चयन हुआ है। उन्हें 681 रैंक प्राप्त हुआ है। कलेक्टर विजय दयाराम के. देर शाम जिज्ञासा के घर गए और इस अखिल भारतीय स्तर की कठिन परीक्षा में चयन होने पर बधाई दी। जिज्ञासा के पिता धनेश्वर सहारे एसबीआई मुख्य शाखा जगदलपुर में तथा माता महेश्वरी ▶▶शेष पेज 5 पर

## अनुषा को 202, अभिषेक को 452 और नेहा को 569वीं रैंक

- अभिषेक ने की नालंदा परिसर में पढ़ाई, सुबह 8 से रात 10 बजे तक का समय यहीं गुजारा

**रायपुर।** संघ लोक सेवा आयोग द्वारा मुख्य सेवा परीक्षाओं के परिणाम घोषित कर दिए गए हैं। इस बार भी शहर के युवाओं ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए शीर्ष 500 में अपनी जगह कायम करने में सफलता प्राप्त कर है। छग में सर्वोच्च रैंक अनुषा पिल्ले को हासिल हुई है। वे आईएएस रेणु पिल्ले और आईपीएस संजय पिल्ले की बेटी हैं। वहीं रायपुर के अभिषेक को 452वीं रैंक मिली है। हरिभूमि से हुई विशेष बातचीत में उन्होंने अपनी तैयारी, संघर्ष सहित सफलता की कहानी साझा की।

### लोरमी के प्रितेश को 697वां रैंक



मुंगेली जिले के लोरमी के मजगांव निवासी प्रीतेश सिंह राजपूत ने दूसरे प्रयास में 697 रैंक प्राप्त किया है। फिलहाल प्रितेश मनेन्द्रगढ़ में डिप्टी कलेक्टर के पद पर पदस्थ हैं। उन्होंने सीजी पीएससी 2022 क्वालीफाई ▶▶शेष पेज 5 पर

### मां ने कहा- मैं नौकरी कर रही, तू पढ़ाई कर



रायपुर के वीर सावरकर नगर निवासी अभिषेक डांगे का यह पांचवां अटेम्प था। इसके पहले के चार प्रयासों में उन्हें सफलता नहीं मिल सकी, लेकिन इसके बाद भी उन्होंने हार नहीं मानी। 29 वर्षीय ▶▶शेष पेज 5 पर

### नेहा को 569वीं रैंक



रायपुर की नेहा भयाडवाल को 569वीं रैंक मिली है। नेहा ने अपनी ग्रेज्यूएशन की पढ़ाई डिग्री गर्ल्स कॉलेज से की है। उन्हें आईपीएस कैडेर मिलने की उम्मीद है। नेहा इनकम टैक्स डिपार्टमेंट में कार्यरत श्रवण कुमार मीणा की पुत्री हैं।

हेमा मालिनी पर टिप्पणी

## सुरजेवाला के 48 घंटे तक प्रचार करने पर लगी रोक

- सभा के दौरान की अपमानजनक बातें कही
- 16 अप्रैल की शाम से लग गया बैन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

निर्वाचन आयोग ने भाजपा की सांसद हेमा मालिनी के खिलाफ कथित अपमानजनक टिप्पणी को लेकर कांग्रेस नेता रणदीप सुरजेवाला को फटकार लगाते हुए उनके चुनाव प्रचार करने पर मंगलवार को 48 घंटे के लिए रोक लगा दी। इस लोकसभा चुनाव में निर्वाचन आयोग द्वारा किसी नेता के प्रचार करने पर प्रतिबंध लगाए जाने का यह पहला मामला है। निर्वाचन आयोग ने हेमा मालिनी के खिलाफ कथित अशोभनीय, असभ्य और अभद्र टिप्पणी के लिए पिछले मंगलवार को सुरजेवाला को कारण बताओ नोटिस जारी किया था। नोटिस के अपने जवाब में, कांग्रेस महासचिव ने कहा था कि भाजपा द्वारा उद्धत वीडियो से छेड़छाड़ की गयी थी। निर्वाचन आयोग ने कहा कि कैथल के जिला निर्वाचन अधिकारी ने संज्ञान लिया था।

### आयोग ने बयान की निंदा की

आयोग ने कहा, आयोग आदर्श आचार संहिता के उल्लंघनों से संबंधित मामले में उन्हें जारी किए गए या बाद में जारी किए जाने वाले किसी भी आदेश/ नोटिस पर बिना किसी पूर्वाग्रह के, हरियाणा में चुनाव प्रचार के दौरान उनके द्वारा दिए गए आक्षेपित बयान की कड़ी निंदा करता है। कदाचार के लिए रणदीप सुरजेवाला को फटकार लगाता है।

### रैली और सभा में नहीं दे सकेंगे भाषण

सुरजेवाला को मौजूदा चुनाव के संदर्भ में 16 अप्रैल को शाम 6 बजे से 48 घंटे तक किसी भी जनसभा, सार्वजनिक जुलूस, सार्वजनिक रैली, रोड शो और साक्षात्कार, मीडिया आदि में सार्वजनिक भाषण देने से रोकता है।

पुलिस के शिकंजे में दो आरोपी

## सलमान के घर के बाहर तीन बार की थी रेकी



एजेंसी ▶▶ मुंबई

मुंबई में अभिनेता सलमान खान के घर के बाहर गोलीबारी की घटना के सिलसिले में गिरफ्तार किए गए दोनों लोगों ने घटना से पहले तीन बार इस जगह की 'रेकी' की थी। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। बिहार निवासी विक्की गुप्ता (24) और सागर पाल (21) रविवार को तड़के यहां बांद्रा स्थित गैलेक्सी अपार्टमेंट में खान के घर के बाहर गोली चलाने के बाद से फरार थे। पुलिस ने बताया कि दोनों को सोमवार देर रात गुजरात के कच्छ जिले में माता नो माध गांव से गिरफ्तार किया गया।

### सलमान के घर पहुंचे सीएम शिंदे

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे मंगलवार को अभिनेता सलमान खान के घर पर पहुंचे। शिंदे ने सलमान खान और उनके परिवार से मुलाकात कर सुरक्षा का भरोसा दिया। सीएम एकनाथ शिंदे ने कहा कि मैंने सलमान से मुलाकात की और उन्हें आश्वासन दिया कि सरकार उनके साथ है।

### फेसबुक पर एक पोस्ट

रविवार को सुबह करीब 11 बजे फेसबुक पर एक पोस्ट सामने आई, जिसमें गोलीबारी की जिम्मेदारी लेने का दावा किया गया। पुलिस को संदेह है कि जेल में बंद गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के भाई अनमोल बिश्नोई ने रविवार को कथित तौर पर फेसबुक पोस्ट करने के लिए वीपीएन (वर्चुअल प्राइवेट नेटवर्क) का इस्तेमाल किया था।

## स्कूल-कालेज, धार्मिक स्थलों के पास शराब दुकानें अपराधिक घटनाएं, हाईकोर्ट ने कहा-कार्रवाई करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

हाईकोर्ट ने स्कूल, कालेज, धार्मिक स्थलों समेत खेल मैदान और अस्पताल के आस -पास संचालित शराब दुकान और प्रकाशित खबरों को स्वतः संज्ञान में लिया है। मामले को जनहित याचिका के रूप में स्वीकार करते हुए हाईकोर्ट ने राज्य शासन और जिला प्रशासन को नोटिस भी जारी किया है। कोर्ट ने नोटिस जारी कर संचालित शराब दुकानों की स्थिति और जनहित को ध्यान में रख ▶▶शेष पेज 5 पर

### हाईकोर्ट ने स्वतः संज्ञान लेकर राज्य शासन और जिला प्रशासन को नोटिस जारी किया



- शासन ने कहा- आचार संहिता लागू इसलिए कार्रवाई नहीं कर रहे, इसके बाद देंगे ध्यान

### यह है शहर में हालात

- इंदिरा विहार के पीछे बसोड़ मोहल्ले में ड्रीम लैंड स्कूल से 100 मीटर की दूरी पर शराब दुकान खोली गई है। यहां स्कूल लगने और छूटने के समय में बच्चों को परेशानी होती है।
- यदुनंदन नगर में खोली गई शराब दुकान भी स्कूल से काफी नजदीक है। यहां पूरे दिन शराबियों का जमावड़ा लगा रहता है।

## साय बोले- इस बार तीन लाख से ज्यादा वोटों से होगी रायगढ़ लोकसभा में जीत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायगढ़

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा है कि इस बार रायगढ़ लोकसभा सीट पर तीन लाख से ज्यादा वोटों से भाजपा की जीत होगी। सीएम श्री साय मंगलवार को रायगढ़ में भाजपा प्रत्याशी राधेश्याम राठिया की नामांकन रैली में ▶▶शेष पेज 5 पर

### राधेश्याम की नामांकन रैली में शामिल हुए मुख्यमंत्री



रामनवमी आज, अयोध्या में विशेष तैयारी

## रामलला का सूर्यकिरणों से होगा अभिषेक

एजेंसी ▶▶ अयोध्या

अयोध्या में श्री रामलला के भव्य मंदिर में रामनवमी के पर्व पर विशेष तैयारी की गई है। अयोध्या में श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद यह पहली राम नवमी है। श्री रामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के सदस्य ने बताया कि 17 अप्रैल को दोपहर 12.16 बजे सूर्य की किरणों से श्री रामलला का अभिषेक होगा। इस अद्भुत दृश्य को देखने के लिए करीब 25 लाख श्रद्धालुओं के अयोध्या पहुंचने की उम्मीद है। बता दें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में इस साल 22 जनवरी को अयोध्या में भव्य मंदिर में श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की गई थी।



### इस बार श्री राम का जन्मोत्सव है खास

राम मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्रा ने बताया कि राम नवमी पर दोपहर 12:16 बजे करीब 5 मिनट तक सूर्य की किरणें भगवान रामलला के माथे पर पड़ेंगी। इसके लिए महत्वपूर्ण तकनीकी व्यवस्थाएं की जा रही हैं। वैज्ञानिक इन क्षणों को प्रदर्शित करने के लिए काम कर रहे हैं। इसके अलावा उन्होंने कहा कि मंदिर का बचा हुआ काम भी दिसंबर 2024 तक पूरा हो जाएगा।



## चिंतन

# नक्सलवाद के खिलाफ कठोर कार्रवाई जरूरी

नक्सलवाद राष्ट्र की आंतरिक सुरक्षा के लिए खतरा बना हुआ है। लोकसभा चुनाव से पहले छत्तीसगढ़ के बस्तर क्षेत्र में सुरक्षा बलों ने नक्सलियों के खिलाफ बड़े एक्शन को अंजाम दिया है। यह सरकार की ओर से दो टूक संदेश है कि नक्सलवाद के खिलाफ अभियान नहीं रुकेंगे, चुनाव में किसी भी प्रकार की गड़बड़ियों के बारे में नक्सली सोचे भी नहीं और नक्सलवाद के दिन गिने चुने ही बचे हैं। इस एक्शन से बस्तर जैसे नक्सली क्षेत्र में लोगों का डर कम होगा और लोग चुनाव में खुलकर भाग लेंगे। हाल ही में गृहमंत्री अमित शाह ने कहा है कि सरकार अगले तीन साल में नक्सलवाद का खात्मा कर देगी। ऐसे अभियान इसी संकल्प के फलित हैं। देश के नक्सल प्रभावित राज्यों में नक्सलियों के खिलाफ सरक्षा बलों के ऑपरेशन्स चलते रहते हैं। किसी भी मांग के लिए हिंसा का रास्ता सही नहीं हो सकता है। भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के दौरान महात्मा गांधी का अहिंसक आंदोलन इसका सर्वश्रेष्ठ उदाहरण है। लोकतांत्रिक प्रणाली में सुधार व बदलाव एक सतत प्रक्रिया है, यह सिस्टम में रहकर आसानी से किया जा सकता है, लेकिन परिवर्तन की यूटोपियाई कल्पना को साकार करने के लिए अंध हिंसा का मार्ग अंधकार के गर्त में ही ले जाएगा। अपने ही राष्ट्र के बेकसूर लोगों के खिलाफ हिंसा हमेशा अस्वीकार्य है। पश्चिंम बंगाल के दार्जीलिंग क्षेत्र के नक्सलबाड़ी से वर्ष 1967 में शुरू नक्सलवाद वर्ष 2024 तक एक आंदोलन समूह से हिंसक गुट में बदल चुका है। भारत करीब छह दशक से नक्सलवाद से प्रभावित है तो चार दशक से आतंकवाद से। नक्सलवाद के चलते सैकड़ों सुरक्षा बलों व बेकसूर नागरिकों की जान गई है। छत्तीसगढ़ के बस्तर क्षेत्र में कांकेर जिले में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) और जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी) के संयुक्त दल ने नक्सलियों के खिलाफ कार्रवाई की है। छत्तीसगढ़ के कबीरधाम जिले में पुलिस ने घोषणा की है कि जो लोग नक्सलियों की गिरफ्तारी या उनके मारे जाने में पुलिस की मदद करेंगे उन्हें आरक्षक के रूप में भर्ती किया जाएगा तथा पांच लाख रुपये का नकद इनाम दिया जाएगा। यह छत्तीसगढ़ सरकार की दृढ़ता को दर्शाता है। नक्सली 2017-18 से महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ (एमएमसी-जोन) के ट्राई-जंक्शन जंगल में अपना नया आधार स्थापित करने का प्रयास कर रहे हैं। इसमें बालाघाट (मध्य प्रदेश), गोंदिया (महाराष्ट्र) और छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव, मुंगेली और कबीरधाम जिले शामिल हैं। माओवादियों का 'विस्तार प्लाटून' एमएमसी जोन में अपनी गतिविधियों के विस्तार की देखरेख कर रहा है। आजकल देश में अर्बन नक्सलिज्म यानी शहरी नक्सलवाद जैसे शब्द भी चल रहे हैं, जो वैचारिक विरोध के अर्थ में वामपंथी विचारकों व नक्सलियों के प्रति सहानुभूति रखने वालों के लिए प्रयुक्त हो रहे हैं। देश में वर्ष 2004 से नक्सलवाद तीसरे चरण में हैं, प्रथम चरण- वर्ष 1967 से 1980 तक रहा, दूसरा चरण- वर्ष 1980 से 2004 तक का समय रहा। नक्सलवाद की विकटता को देखते हुए वर्ष 2006 में सरकार ने अलग प्रभाग बनाया। सरकार नक्सलियों के खिलाफ सुरक्षा बलों के एक्शन्स के साथ नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे, कौशल विकास, शिक्षा, ऊर्जा और डिजिटल कनेक्टिविटी के विस्तार पर काम कर रही है। वर्ष 2013 में रोजगार प्रशिक्षण के लिए रोशनी शुरू हुई, तो वर्ष 2017 में केंद्र सरकर ने आठ सूत्रीय 'समाधान'नाम से एक कार्ययोजना शुरु की। ऑपरेशन आल आउट चल रहे हैं। समर्पण करने वाले नक्सलियों के पुनर्वास की व्यवस्था की जा रही है। मुट्ठी भर नक्सली देश-विदेशी मदद के जरिये सुरक्षा बलों के लिए चुनौती बने हैं, इसलिए नक्सलवाद का खात्मा जरूरी है।

रामनवमी
अरविंद जयतिलक



# आदर्श समाज निर्माण का संदेश

छत्तीसगढ़ के बालोद जिले में लौह अयस्क दल्ली राजहरा के बीहड़ जंगलों और पहाड़ों के बीच माता रानी का भव्य दरबार है। इस पहाड़ी वाली माता का भव्य मन्दिर जमीन तल से लगभग 200 मीटर की ऊंचाई पर है। मान्यतानुसार इस स्थान पर लगभग 1958-59 में खदान की खुदाई हुई। जब खदान में मजदूर काम कर रहे थे, उसी दौरान वहां पर पत्थरों के बीच मे स्वयंभु गणेश की प्रतिमा प्राप्त हुई जिसमें पहले से ही चांदी का आंख लगा हुआ था। यहां के भक्त के पास आए स्वप्न के अनुसार इसी स्थल पर भव्य माता मंदिर और गणेशजी की स्थापना की गई। इस स्थान को मयूर पानी खदान कहा जाता है। मंदिर में अनेक चमत्कारी प्रभाव को देखकर भक्तों की संख्या में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। भक्त यहां कठिन रास्तों से होकर मनोकामना पूर्ति हेतु पहुंचते हैं तथा ज्योति कलश प्रज्जवलित कराते हैं। छत्तीसगढ़ के अलावा दूसरे राज्यों और विदेशों से भी भक्त यहां पहुंचते रहते हैं। मंदिर परिसर में भैरव बाबा, शिवलिंग, बजरंग बली एवं शीतल माता भी विराजित हैं।



ऐतिहासिक
घनश्याम सिंह नाग

किवंदती है कि छचान चोंढीन बहादुर कलारीन की यहां शराब भट्टी हुआ करती थी, इसलिए इस चट्टान को भाटी पखना कहते हैं।

# अनेक अवशेष मौजूद हैं भाटी पखना में



बस्तर की प्राचीन राजधानी बड़े डोंगर के पास बारदा नदी में एक विस्तृत चट्टान फैला हुआ है, संभावना है कि पहले यह नदी का तट रहा होगा तथा कटाव के कारण नदी में मिल गया हो। चट्टान में हैंडीनुमा अनेक गोल गोल कुंड हैं, तथा चट्टान के किनारे चूल्हे की आकृति बनी हुई है। किवंदती है कि छचान चोंढीन बहादुर कलारीन की यहां शराब भट्टी हुआ करती थी, इसलिए इस चट्टान को भाटी पखना कहते हैं। शराब बनाने के लिए महुए को हांडी में डुबो कर रखा जाता है जब महुआ शराब बनने लायक हो जाता है तो उसे पास आना कहते हैं, तथा जिस हांडी में पास आने के लिए महुआ डुबोया जाता है उसे पास हांडी कहते हैं। बहादुर कलारीन सात सागर सात कोरी एक सौ सैतालिस हांडी पास का शराब बनाती थी, जिसे खरदूषण अकेला पी जाता था।

गांव की कहानी
कृष्ण रंजन

# राजाओं के विरासत का साक्षी खैरागढ़



पिपरिया, मुसका और आमनेर नदी के मध्य में एक दुर्ग बना कर अपने नाम से एक नवीन नगर का श्रीगणेश किया। पहले इस नगर का नाम खड़गढ़ था। धीरे धीरे राज्य के नाम अनुसार खैरागढ़ में परिवर्तित हो गया।

छत्तीसगढ़ के नव निर्मित जिला गंडई -खैरागढ़ -छुईखदान जिला मुख्यालय राजनांदगांव से तीस कि मी दूरी पर राजा खड़गराय नरेश द्वारा सन 1755 ई में बसाया गया था। पिपरिया, मुसका और आमनेर नदी के मध्य में एक दुर्ग बना कर अपने नाम से एक नवीन नगर का श्रीगणेश किया। पहले इस नगर का नाम खड़गढ़ था। धीरे धीरे राज्य के नाम अनुसार खैरागढ़ में परिवर्तित हो गया। सन 1743 में नागपुर के मराठा नरेशों ने छत्तीसगढ़ प्रदेश को महाराज मंडला तथा रतनपुर से छिन कर अपने अधीन कर लिया। इस कारण खैरागढ़ का संबंध मंडला से विछिन्न होकर नागपुर से जुड़ गया। सन 1755 में मृत्यु के पूर्व रघोजी ने खड़गराय को नागपुर बुलवाया और उनसे नवीन संधि की, इसके अनुसार 500 नागपुरी रुपए वार्षिक कर ठहराया गया। खैरागढ़ और मंडला से उन्हें जो अधिकार मिला था, उसे नागपुर ने भी स्वीकार कर लिया।



## जैकेट के शेष

### नक्सलियों पर फोर्स ....

किया गया। बीएसएफ व डीआरजी की संयुक्त टीम अष्टमी के अवसर पर 16 अप्रैल की दोपहर को कलवर के जंगल में थी, उसी समय नक्सलियों के संतरी ने जवानों पर फायरिंग कर दी।

**बीएसएफ का एक इंस्पेक्टर व एक जवान घायल** : कलपर में हुई मुठभेड़ में बीएसएफ की 94 बटालियन की टीम और डीआरजी पखांजुर शामिल थी। इस मुठभेड़ में का इंस्पेक्टर रमेश चंद्र चौधरी एवं डीआरजी पखांजुर का जवान सूर्यकांत घायल हुए हैं। उन्हें उपचार के लिए बेहतर अस्पताल भेजने की तैयारी की जा रही है।

**डीवीसी पर 8-8 लाख के ईनाम** : कलपर के जंगल में हुई मुठभेड़ में 29 नक्सलियों में दो की पहचान शंकर राव और ललिता की हुई है, यह डीवीसी मेंबर है। इन पर 8-8 लाख के ईनाम घोषित हैं। नक्सलियों के शव की पहचान होने के बाद अन्य नक्सलियों की इनाम की जानकारी पहचान के बाद ही स्पष्ट हो पाएगी।

**नक्सलियों पर सरकार सख्त** : नक्सलियों के खिलाफ विष्णुदेव साय की सरकार सख्त है। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने पहले ही कह चुके हैं कि नक्सलियों के आतंक से छग को मुक्त करना प्राथमिकताओं में से है। यहां यह बताना लाजिमी है कि पिछले हफ्ते ही सभी फोर्स के टॉप अफसरों की बैठक में नक्सलियों पर अंकुश लगाने मैराथन मंथन हुआ था। ऐसा कहा जा रहा है कि जवान नक्सलियों के गढ़ में घुसकर उनका खात्मा करने का प्रयास कर रहे हैं।

**तीन तरफ से घेरे गए नक्सली** : संयुक्त टीम के चक्कर में नक्सली तीन तरफ से घिर गए और संयुक्त टीम की जवाबी फायरिंग लगभग दो घंटे तक चली। नक्सलियों की ओर से गोली की आवाज आना बंद हुई तो संयुक्त टीम ने घटनास्थल की ओर बढ़ना शुरू किया। सर्चिंग के दौरान नक्सलियों के शव को देखकर पुलिस लगातार आगे बढ़ती रही और उनके हथियार व शव को एक जगह एकत्र करना शुरू किया।

### हम फिर कहते हैं ....

क्षेत्रांतर्गत बिनागुंडा एवं कोरोनार के मध्य हापाटोला के जंगल में डीआरजी एवं बीएसएफ की संयुक्त पार्टी और माओवादियों के बीच मुठभेड़ हुई। इस मुठभेड़ में अभी तक 29 नक्सलियों के मारे जाने की खबर है। घायलों को अस्पताल में लाया जा रहा है। मुठभेड़ में 03 जवान भी घायल हुए हैं, उनका उपचार किया जा रहा है। घायल जवानों की स्थिति सामान्य और खतरे से बाहर है। उन्होंने कहा कि यह ऐतिहासिक सफलता है। मैं इस मुठभेड़ में शामिल सभी जवानों और सुरक्षा अधिकारियों को बधाई देता हूं। छत्तीसगढ़ के नक्सल मामलों के इतिहास की यह सबसे बड़ी सफलता है। माओवादी लोकतंत्र में आस्था नहीं रखते और हर लोकतांत्रिक प्रक्रिया को हिंसात्मक गतिविधि से प्रभावित करते हैं। इस मामले में भी ऐसा लगता है कि माओवादी चुनाव को प्रभावित करने की कोशिश में थे। मुठभेड़ का क्षेत्र बस्तर और कांकेर दोनों लोकसभा क्षेत्र के नजदीक है। बस्तर में तो दो दिन बाद ही चुनाव है। कल चुनाव प्रचार भी वहां बंद हो जाएगा। हम फिर से माओवादियों से यह कहना चाहते हैं कि वे हिंसा का रास्ता छोड़ें। विकास की मुख्यधारा में शामिल हों।

### सुकमा, बीजापुर और कांकेर .....

ने 86 लाख के 11 इनामी माओवादी समेत 13 नक्सलियों को मार गिराया था। बीते पखवाड़े भर की बात करें तो सुरक्षाबलों ने 49 नक्सलियों को मार गिराया है। इस दौरान अत्याधुनिक हथियार व विस्फोटक का जखीरा भी बरामद किया गया है। ऐसा पहली बार हो रहा है जब टीसीओसी (टैक्टिकल काउंटर ऑफ ऑफेंसिव कैम्पेन) में नक्सलियों की बजाए फोर्स उनपर भारी पड़ रही है। माह फरवरी से शुरू होने वाले टीसीओसी के दौरान माओवादी काफी आक्रामक होते है, इस दौरान फोर्स की चूक का इंतजार करते है और अधिक से अधिक नुकसान पहुंचाने की उनकी मंशा होती है, लेकिन इस बार टीसीओसी के दौरान जवानों ने अब तक 79 नक्सलियों को मुठभेड़ में ढेर कर चुकी है। इससे पूर्व माओवादियों की सेण्ट्रल कमेटी द्वारा पिछले तीन माह में 50 साथियों के मारे जाने की बात कबूली थी। गौरतलब है कि इससे पूर्व टीसीओसी के दौरान बीजापुर जिले के पिढ़िया इलाके में कंपनी नम्बर टू व प्लाटून नम्बर 11, 12 व 13 की मौजूदगी की सटिक खुफिया इनपुट के बाद आपरेशन लांच किया गया था। इस दौरान 12 घटें में जवानों ने मुठभेड़ स्थल की सर्चिंग में 86 लाख के इनामी 3 महिला समेत 13 नक्सलियों के शव के अलावा भारी मात्रा में अत्याधुनिक हथियार व गोला बारूद बरामद किया था।

**दोनों तरफ से हुई थी गोलाबारी** : इससे चार दिन पूर्व बीजापुर पुलिस ने बासागुड़ा इलाके में 6 माओवादियों को मार गिराया था। यह मुठभेड़ बासागुड़ा थाना क्षेत्र के चिपुरभट्टी इलाके के तालपेरु नदी के पास नक्सलियों के प्लाटून नंबर 10 के साथ हुई थी, दोनों तरफ से हुई गोलीबारी में जवानों ने 6 नक्सलियों को ढेर कर दिया था। इनमें नक्सलियों का डिप्टी कमांडर भी शामिल था। मारे गए नक्सलियों पर लाखों रुपए का इनाम घोषित था। वहीं सुकमा जिले में हुए मुठभेड़ में भी एक माओवादी को सुरक्षाबलों ने मार गिराया था। पिछले पखवाड़े भर की बात करें तो 49 नक्सलियों को ढेर किया जा चुका है, जिनपर एक करोड़ रुपए से अधिक का इनाम घोषित था।

### चलाया जा रहा ....

उनकी हालत खतरे से बाहर है। बस्तर लोकसभा क्षेत्र में 19 अप्रैल को तथा कांकेर लोकसभा का आम चुनाव 26 अप्रैल को होना है। इसे देखते हुए सुरक्षाबलों को अलर्ट कर ऑपरेशन चलाया जा रहा है और लगातार फोर्स को सफलता भी मिल रही है।
- सुंदरराज पी, आईजी, बस्तर

### यह देश की सबसे बड़ी ....

मुठभेड़ में इतनी संख्या में नक्सली मारे गए हैं। खास बात ये है कि 29 नक्सलियों के शव पुलिस ने बरामद कर लिए हैं।

### 2019 में हुई .....

महाराष्ट्र का गढ़चिरौली जिला छत्तीसगढ़ की सीमा से लगा है। इसमें पौने दो करोड़ के ईनामी नक्सली शामिल थे।

## पेज एक के शेष

### 92 साल में पहली...

ऐतिहासिक मूर्ति बदली जाएगी। यह फैसला इसलिए लिया गया है क्योंकि प्रतिमा का क्षरण होना प्रारंभ हो चुका है। शास्त्रों में खंडित प्रतिमा का पूजन वर्जित है। अनुमान है कि 92 साल पहले जब 1932 में यहां प्रतिमा स्थापित की गई थी, तब इसका निर्माण गारा से किया गया था। लंबी अवधि के बाद अब प्रतिमा का क्षरण होने लगा है।

### नहीं है कोई फर्क, लगा...

ओडिशा के क्योंझर जिले के अंदरूनी जंगलों से लाया गया है। इस पत्थर की खासियत यह होती है कि यह दो हजार साल तक खराब नहीं होता। स्नान, पूजन अथवा अन्य किसी भी चीज का प्रभाव इस पत्थर से निर्मित प्रतिमा पर नहीं होगा।

### आईपीएस आदित्य अब...

संस्थान (एनआईटी) से कंप्यूटर विज्ञान में स्नातक (बीटेक) अनिमेष प्रधान ने अपने वैकल्पिक विषय के रूप में समाजशास्त्र को चुना था और उन्होंने परीक्षा में दूसरा स्थान हासिल किया। दिल्ली विश्वविद्यालय के मिरांडा हाउस से भूगोल में स्नातक (ऑनर्स) की पढ़ाई करने वाली डोनुरु अनन्या रेड्डी परीक्षा में तीसरे स्थान पर रहीं। उन्होंने अपने वैकल्पिक विषय के रूप में मानव विज्ञान को चुना था। कुल 1,016 अभ्यर्थियों ने (664 पुरुष और 352 महिलाओं) ने परीक्षा उत्तीर्ण की और आयोग ने विभिन्न सेवाओं में नियुक्ति के लिए उनके नामों की सिफारिश की है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सिविल सेवा परीक्षा के सफल अभ्यर्थियों को बधाई देते हुए कहा कि उनके प्रयास आने वाले समय में हमारे राष्ट्र के भविष्य को आकार देंगे। सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में प्रधानमंत्री मोदी ने इस प्रतिष्ठित परीक्षा में असफल रहे अभ्यर्थियों के लिए भी अपने संदेश में कहा कि उन्हें भविष्य में सफल होने के मौके मिलेंगे और भारत में अवसरों की कमी नहीं है जहां उनकी प्रतिभा सच्चे अर्थों में चमक सकती है। उन्होंने कहा, मैं सिविल सेवा परीक्षा, 2023 को सफलता पूर्वक उत्तीर्ण करने वाले सभी अभ्यर्थियों को बधाई देता हूं। उनकी कड़ी मेहनत, दृढ़ता और समर्पण रंग लाया है, जिससे सार्वजनिक सेवा में उनके आशाजनक कॅरियर की शुरुआत होगी। उनके प्रयास आने वाले समय में हमारे देश के भविष्य को आकार देंगे। उन्हें मेरी शुभकामनाएं। प्रधानमंत्री ने कहा, जो लोग सिविल सेवा परीक्षा में अपेक्षित सफलता अर्जित नहीं कर पाए हैं, उनसे मैं कहना चाहता हूं कि विफलताएं मुश्किल हो सकती हैं, लेकिन याद रखिए कि यह आपकी यात्रा का अंत नहीं है। भविष्य में परीक्षाओं में सफलता के अवसर मिलेंगे। लेकिन भारत उससे भी परे अवसरों का देश है जहां आपकी प्रतिभा सच्चे अर्थों में चमक सकती है। परिश्रम करते रहिए और अपार संभावनाएं तलाशते रहिए। आप सभी को शुभकामनाएं। यूपीएससी ने बताया कि शीर्ष पांच स्थानों पर तीन पुरुष और दो महिलाएं हैं जिन्हें कामयाबी मिली। पी. के. सिद्धार्थ रामकुमार और रुहानी ने सिविल सेवा परीक्षा में क्रमशः चौथा और पांचवा स्थान हासिल किया। शीर्ष 25 अभ्यर्थियों में 10 महिलाएं और 15 पुरुष हैं। आईएएस, आईएफएस और आईपीएस के अधिकारियों का चयन करने के लिए यूपीएससी हर वर्ष तीन चरणों में प्रारंभिक, मुख्य और साक्षात्कार में सिविल सेवा परीक्षा आयोजित करता है। सफल अभ्यर्थियों में 30 दिव्यांग (16 अस्थिबाधित, छह दृष्टिबाधित, पांच श्रवणबाधित और तीन बहुदिव्यांग) भी शामिल हैं।

**टॉप 5 के 3 अभ्यर्थी पहले से ही आईपीएस** : टॉप 5 रैंक में आने वाले 3 अभ्यर्थी पहले से ही आईपीएस ऑफिसर हैं। रैंक 1 हासिल करने वाले आदित्य श्रीवास्तव, रैंक 4 पीके सिद्धार्थ रामकुमार और रैंक 5 रूहानी हैदराबाद में नेशनल पुलिस एकेडमी में आईपीएस ट्रेनिंग ले रहे हैं। पिछले 11 सालों में ऐसा पहली बार हुआ है कि सर्विस में रहते हुए किसी आईपीएस ने इस एग्जाम में ऑल इंडिया रैंक 1 हासिल की है। इससे पहले 2013 में आईपीएस ऑफिसर गौरव अग्रवाल ने सिविल सर्विसेज एग्जाम में ऑल इंडिया रैंक 1 हासिल की थी।

### जगदलपुर की जिज्ञासा को...

सहारे पोस्ट ऑफिस जगदलपुर में पदस्थ है। उनकी माता ने कहा कि दो बच्चों में जिज्ञासा बड़ी है, छोटा बेटा बैंगलुरू में सीएफए की तैयारी कर रहा है। जिज्ञासा के विषय में उन्होंने कहा कि वह 2019 से यूपीएससी की तैयारी कर रही थी। उसकी मेहनत और लगन से उसे सफलता मिली।

### लोरमी के प्रितेश को...

किया था। यूपीएससी में चयनित प्रीतेश सिंह राजपूत की कक्षा पांचवीं तक की पढ़ाई लोरमी में गांव के ही शासकीय स्कूल में हुई है। 12वीं तक की पढ़ाई लोरमी स्थित महाराणा प्रताप स्कूल में पूर्ण करने के बाद उन्होंने इंदिरा गांधी कृषि विवि से बीटेक किया। सीजीपीएससी की तैयारी के बाद अप्रैल 2022 में डिप्टी कलेक्टर के पद पर चयनित होकर मनेन्द्रगढ़ में कार्यरत हैं। मध्यम वर्गीय परिवार से आने वाले प्रीतेश के पिता रेवा राम राजपूत लोरमी क्षेत्र में ही डीजल मैकेनिक हैं।

### मां ने कहा- मैं नौकरी...

अभिषेक ने एनआईटी से मैकेनिकल इंजीनियरिंग में बीटेक किया है। वे भारत पेट्रोलियम में कार्यरत थे, लेकिन बाद में उन्हें लगा कि देशसेवा करने का बेहतर अवसर शासकीय सेवाओं के जरिए मिल सकता है। इसके बाद नौकरी छोड़कर तैयारी शुरू की। तीसरे प्रयास में मेंस तक पहुंचे, लेकिन चौथे में प्रीलिम्स भी नहीं निकाल सके। नतीजे वाले दिन को याद करते हुए अभिषेक कहते हैं, मैं अपने कमरे में जाकर रोने लगा। तभी मां आईं। मैंने उनसे पूछा कि क्या मुझे तैयारी छोड़कर नौकरी ढूंढनी चाहिए। इस पर मां ने कहा, मैं नौकरी कर रही हूं, तू पढ़ाई कर। इसके बाद मैंने पांचवें अटेम्प में सफलता हासिल की। अभिषेक की मां विद्या एससीईआरटी में सेवारत हैं, वहीं पिता विलाश सेवानिवृत्त शासकीय कर्मचारी हैं।

**मेंटल हेल्थ पर ध्यान देना जरूरी** : अभिषेक ने बताया, वे सुबह 8 बजे से रात 10 बजे तक का समय नालंदा परिसर में ही गुजारते थे। इनमें से 7-8 घंटे अकेले पढ़ाई किया करते थे, जबकि बाकि के घंटे प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे दोस्तों के साथ बिताते थे। फेसबुक डिएक्टिवेट कर दिया था, जबकि इंस्टाग्राम को डिलीट ही कर दिया। व्हॉट्सएप और टेलीग्राम का प्रयोग सिर्फ पढ़ाई के लिए ही किया। अभिषेक यूपीएससी की तैयारी के लिए धैर्य के साथ मेंटल हेल्थ को जरूरी मानते हैं, ताकि असफलता भी प्रभावित ना कर सके।

### सटोरियों को बचाने प्रधान...

चिरंजीवी भाटी को रंगे हाथों पकड़ा था। इन आरोपियों को एसीसीयू की टीम ने पकड़कर आगे की कार्रवाई के लिए पद्मनाभपुर पुलिस के हवाले कर दिया। इसकी जांच की जिम्मेदारी प्रधान आरक्षक हरीश चंद्र चौधरी को दी गई। हरीश ने मामले में बड़ी पार्टी फंसना सोच लाभ उठाने का कोशिश करते हुए आरोपियों को बचाने के एवज में 3 लाख रुपए का डिमांड कर डाली। एसपी जितेंद्र शुक्ला ने बताया कि शिकायत आई थी कि प्रधान आरक्षक के द्वारा आईपीएल सट्टे खिलवाने हुए पकड़े गए आरोपियों से रश्वित की मांग की है। इसलिए उसे सस्पेंड करते हुए पुलिस लाइन में अटैच किया गया है।

### साय बोले- इस बार...

शामिल हुए। इससे पहले उन्होंने रामलीला मैदान में आमसभा को संबोधित किया। रैली के बाद राधेश्याम राठिया ने श्री साय समेत कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर पर्चा दाखिल किया। आमसभा में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने दावा किया कि छत्तीसगढ़ की 11 की 11 सीटें भाजपा जीत रही है। श्री साय ने प्रदेशवासियों को नवरात्र पर्व व राम नवमीं की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि रायगढ़ संसदीय क्षेत्र के प्रत्याशी राधेश्याम राठिया की नामांकन रैली हजारों कार्यकर्ताओं की उपस्थिति बता रही है कि इस बार इस बार साढ़े 3 लाख से भी अधिक मतों से चुनाव जीतना है। कांग्रेस की बयानबाजी पर मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस को अपनी हार स्पष्ट दिख रही है, इसलिए उनके नेता आंय-बांय बयानबाजी कर रहे हैं। भूपेश बघेल के पास बोलने के लिए कुछ भी नहीं है इसलिए कुछ भी बोले जा रहे हैं।

### स्कूल-कालेज, धार्मिक स्थलों...

जवाब पेश करने को कहा था। मंगलवार को सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट में शासन की ओर से कहा गया कि लोकभा के लिए आचार संहिता लागू होने के कारण कार्रवाई नहीं हो पा रही है। आचार संहिता खत्म होने के बाद नियमों और प्रावधानों के आधार पर शराब दुकानें और चखना दुकानों को हटाया जाएगा और शिफ्ट किया जाएगा। शासन ने फिलहाल कार्रवाई नहीं हो पाने की जानकारी देते हुए विस्तृत जवाब के लिए समय ले लिया। बिलासपुर जिले में कुल 65 से अधिक देशी-विदेशी मदिरा दुकानों का संचालन शासन स्तर पर संचालित किया जा रहा है। लम्बे समय से जनता के बीच से स्कूल, कालेज, धार्मिक स्थलों समेत अस्पतालों के आस-पास संचालित सरकारी शराब दुकानों को लेकर विरोध किया जा रहा है। समय समय पर ऐसे स्थानों पर संचालित दुकानों को हटाए जाने की मांग होती रही है। आबकारी विभाग समेत कलेक्टर प्रशासन को आवेदन भी किया गया। बावजूद इसके प्रशासन ने जनता की मांग को अनसुना कर शराब दुकानों को हटाने से अप्रत्यक्ष रूप से अस्वीकार किया जाता रहा है।

**मारपीट, गुंडागर्दी और छेड़खानी जैसी घटनाएं** : गौरतलब है कि स्कूल-कालेज के पास संचालित दुकानों के चलते छात्र-छात्राओं समेत स्कूल- कालेज प्रबंधन को हमेशा सुरक्षा को लेकर परेशानियों का परेशानियों का सामना करना पड़ा है। खासकर महिलाओं, छात्राओं को अधिक मुश्किल होती है। जबकि नियमानुसार ऐसे चिन्हित स्थानों और हाईवे से कम से कम 500 मीटर से अधिक दूर पर शराब दुकान लगाने का निर्देश है। बावजूद इसके राजस्व को ध्यान में रखते हुए ना तो विभाग ने जनता की आवाज को गंभीरता से लिया, और ना ही प्रशासन ने जनता की भावनाओं का सम्मान किया। बिलासपुर के साथ ही प्रदेश में कई जगह स्कूल-कॉलेज और अस्पताल के आसपास ही शराब की दुकानें है। जिनका स्थानीय स्तर पर विरोध भी हुआ। यहां शराब दुकानों में आए दिन मारपीट, गुंडागर्दी और छेड़खानी जैसी घटनाएं होती हैं लेकिन प्रशासन का ध्यान कभी नहीं गया।

**नियमों की अनदेखी कर रहे अधिकारी** : शराब दुकानों का विरोध, चखना सेंटर सहित आबकारी विभाग की मनमानी के खिलाफ मीडिया में लगातार खबरें आती रही हैं। इन मीडिया रिपोर्ट्स पर अब हाईकोर्ट ने संज्ञान लिया है। हाईकोर्ट की डिवीजन बेंच ने इसे जनहित याचिका के तौर पर स्वीकार करते हुए राज्य शासन, आबकारी विभाग और कलेक्टर को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। बिलासपुर में आबकारी विभाग के अधिकारी नियमों की अनदेखी कर स्कूल, कॉलेज और अस्पताल के नजदीक शराब बेच रहे हैं। इनकी दूरी न्यूनतम 100 और अधिकतम 300 मीटर है।

**कार्यालय उपायुक्त-सह-जिलादण्डाधिकारी, रांची**
**(जिला शस्त्र शाखा)**

**आदेश**

लोकसभा (आम) निर्वाचन – 2024 को स्वच्छ, शांतिपूर्ण एवं भयमुक्त तरीके से सम्पन्न कराने हेतु शस्त्र अधिनियम–1662 की धारा 46(21) के तहत रॉची जिले के सभी शस्त्र अनुज्ञप्तिधारी को इस कार्यालय के आदेश ज्ञापांक–203/शस्त्र दिनांक–08.04.2024 एवं आदेश ज्ञापांक– 204/शस्त्र दिनांक–12.04.2024 से अपने शस्त्रों को थाना/ओ0पी0 अथवा शस्त्र एवं कारतूस विक्रेता दुकान में दिनांक–13.04.2024 तक जमा करने का आदेश निर्गत किया जा चुका है ।

तदनुसार एतद् द्वारा वैसे सभी शस्त्र अनुज्ञप्तिधारी जिनकी अनुज्ञप्ति रॉची जिला से निर्गत है परन्तु वर्तमान में वे अन्य जिले या अन्य राज्यों में आवासित है। अगामी 48 घण्टें के भीतर अपने नजदीकी थाना/ओ0पी0 अथवा वैध शस्त्र एवं कारतूस विक्रेता दुकान में जमा करना सुनिश्चित करेंगे । अन्यथा शस्त्र नियमावली के सुसंगत धाराओं के तहत आवश्यक कार्रवाई की जायगी ।

ह0–
जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–उपायुक्त, रांची

PR 323853 Ranchi(24-25).D

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार संजय कुमार पाण्डेय पिता- स्व. जगदीश पाण्डेय व अन्य एक हिस्सेदार निवासी- ग्राम अछोटी तहसील अहिवारा, जिला दुर्ग (छ.ग.) ने अपने संयुक्त हक, आधिपत्य एवं स्वामित्व की कृषि भूमि जो कि वाके मौजा- अछोटी, प.ह.नं.-44, रा.नि.मं.- मुरमुंदा तहसील अहिवारा जिला दुर्ग (छ.ग.) में स्थित है, जिसका खसरा नंबर- 859/1 रकबा 0.18 हेक्टेयर है, को विक्रय करने का पक्का सौदा तय कर विक्रय प्रतिफल की बयाना राशि क्रेता से प्राप्त कर लिया है। अब उपरोक्त भूमि का मात्र विक्रयपत्र का पंजीयन एवं निष्पादन किया जाना शेष है ।

अतः उपरोक्त वर्णित भूमि के विक्रय अंतरण व संव्यवहार के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक, बीमा कंपनी, साहूकार, वित्तीय संस्थान, शासकीय, अर्द्धशासकीय कार्यालय या निजी संस्था व निकाय को कोई उजर दावा व आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 21 दिवस के भीतर हमारे उक्त पते पर अपनी आपत्ति मय दस्तावेज प्रस्तुत कर देवें। बाद मियाद पेश की गयी कोई आपत्ति या उजर दावा हमारे पक्षकार पर बंधनकारी नही होगी तथा हमारा पक्षकार, केता से विक्रय प्रतिफल की संपूर्ण राशि प्राप्त कर क्रेता के पक्ष में विक्रयपत्र का पंजीयन एवं निष्पादन करा देवेगा ।

तदानुसार सूचना जाने ।

रायपुर (छ.ग.)
दिनांक : 16/04/2024

भवदीय
एस.एस. कुशवाह,
अधिवक्ता
पता- बृज भवन, गणपति नगर, न्यू चंगोराभाठा, रायपुर (छ.ग.)
मो.नं.- 98261-56172

फार्मेट सी-1

**( समाचार पत्र / टी वी में प्रकाशन हेतु अभ्यर्थीयो के लिये)**

**अपराधिक मामलों के बारे में घोषणा**

(वर्ष 2011 की रिट याचिका (सिविल) सं. 536 (पब्लिक इंटरेस्ट फांउडेशन एवं अन्य बनाम भारत संघ एवं अन्य ) में माननीय उच्चतम न्यायालय के दिनांक 25 सितंबर, 2018 के निर्णय के अनुसार )

अभ्यर्थी का नाम व पता : कवासी लखमा, पुत्र स्व. श्री कवासी हड़मा, आयु 66 वर्ष, जो ग्राम नागारास, पोस्ट- सोनाकुकानार, तहसील सुकमा, जिला सुकमा, छ.ग., पिन - 494111
राजनैतिक दल का नाम : इडियन नेशनल कांग्रेस
निर्वाचन क्षेत्र का नाम : बस्तर - 10

मैं कवासी लखमा (अभ्यर्थी का नाम) उपर्युक्त निर्वाचन के लिये अभ्यर्थी, सार्वजनिक सूचना हेतु अपने अपराधिक पूर्ववृत्त के बारे में निम्नलिखित विवरणो की घोषणा करता हूँः

| (क) | लंबित अपराधिक मामले | | | |
|---|---|---|---|---|
| क्र. स. | न्यायालय का नाम | मामले की संख्या एवं तारीख | मामले (मामलों) की स्थिति | संबंधित अधिनियमों की धारा (धाराएं) एवं अपराध (अपराधों) का संक्षिप्त विवरण |
| | निरंक | निरंक | निरंक | निरंक |

| (ख) | अपराधिक मामलों के लिए दोषसिद्धि के विषय के संबंध में विवरण | | |
|---|---|---|---|
| | न्यायालय का नाम एवं आदेश (शो) की तारीख (खें) | अपराध (अपराधों) और अधिरोपित दण्ड का विवरण | अधिकतम अधिरोपित दण्ड |
| | निरंक | निरंक | निरंक |

नोटः– मेरे विरुद्ध दिनांक 26.03.2024 तक जानकारी अनुसार निम्न अपराध पंजीबद्ध है :

1. थाना राज्य आर्थिक अन्वेषण ब्यूरो / एंटी करप्शन ब्यूरो, रायपुर में अपराध क्रमांक 04/2024, धारा 7 एवं 12 भ्रष्टाचार निवारण अधि. 1988 संशोधित 2018 व धारा 420, 467, 468, 471, 120बी भा.द.वि. पंजीबद्ध है ।
2. थाना कोतवाली, जगदलपुर में अपराध क्रमांक 155 / 2024, धारा 171बी, 171ग, 171ई, एवं 188 भा.द.वि. तथा लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा 123 पंजीबद्ध है ।
3. यह कि उक्त अपराध में मेरे विरुद्ध संबंधित एजेंसी द्वारा कोई गिरफ्तारी नही किया गया है और न ही अभियोग पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है ।

JHAIGO झाईगो 5+1 Cream
चेहरे को दागों से मुक्त कर सुंदरता बढ़ाये...
क्या आपके... चेहरे पर झाईयां है? आंखो पर काले घेरे हैं?
चेहरे पर मुहाँसे के काले निशान हैं? या जले या चोट के निशान है?
तो फिर क्या.. बस इस बार झाईगो क्रीम उपयोग कर देखें।

वैदेही तुलसी कफ सीरप
नई एवं पुरानी खांसी, एलर्जी खांसी, श्वास, निमोनिया, कुकुरखांसी, टान्सिल, ब्रानकाटिस, सर्दी आदि में तेज असर कारक
2 वर्ष से बड़े बच्चों के लिए हानिरहित कफ सिरप
HMS देखकर खरीदें एक बार उपयोग कर देखें 94060-21769

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झाई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्पलेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311
Email:bsinghania111@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Centre
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479
0771-4020411
www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

सुविधाएं : पी.एफ.टी. ब्रांकोस्कोपी स्लीप स्टडी
डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
स्पेशलिस्ट : खासी, श्वॉस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर
मो. 7999450384, 7042974029
समय : दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर
ई.एन.टी. हॉस्पिटल (ISO 9001-2000 Certified)
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-4044551
समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

मनोरोग नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ
प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक
मो. 9977247553
नया पता : शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर
समय : सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक
सिरदर्द, मिर्गी, मानसिक तनाव, घबराहट, असामान्य व्यवहार, डिप्रेशन, शीर्घ पतन, आदि, हर माह के प्रथम रविवार को कवर्धा में 12.00 से 4.00 एवं 8.30 से 10.30 बेमेतरा में

उपलब्ध विशेषताएं
• लेप्रोस्कोपिक एवं जनरल सर्जरी
• जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी
• ऑंकोलॉजी (सर्जिकल)
• गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ई.रोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कोपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलबध
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
* आयुष्मान कार्ड / राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव *
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन डॉ. रितेश रंजन (MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक वेलनेस सेंटर
(राज्य और शहर के प्रसिद्ध 22 सालों से क्षेत्र में अनुभवी)
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव (राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित)
विशेषज्ञ- वात, स्पाइन एवं पाइल्स केयर
मो. 9179455561, 9039050422
अशोक विहार, स्ट्रीट नो 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट सामने, पंडरी, रायपुर
मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर

मोतियाबिंद
आयुष्मान कार्ड सुविधा
SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 7987119756, 9303508133

## शब्द पहेली - 5484



**बाएँ से दाए**
1. असहकार-5
4. शत्रुता, दुश्मनी-4
7. नाच, नृत्य (उर्दू-2)
8. विष्णु का वाहन-3
9. मादा का विलोम-2
10. ईश्वर, शिव-4
11. संज्ञा, संबोधन-2
13. वेग, गति-3
14. महसूल, राहदरी-2
15. अंधकार, अंधेरा-3
17. कुंजी, ताली-2
19. गोलाकार-5
22. इतरता, बेगानापन-5
25. समय, वक्त-2
26. स्याही का पात्र-3
28. अच्छा, सद् पुरुष-2
29. अदृश्य-3
30. मिट्टी, धूल-2
32. नट, बाजीगरी करने वाला-4
34. टैक्स, हाथ-2
36. बोलने का तरीका-3
37. खदान-2
38. जो जायज न हो-4
39. श्री रामचंद्र का नाम-5

**ऊपर से नीचे**
1. तराजू डंडा, पासा-2
2. पराजित करना-3
3. बहुत लंबा -5
4. रुकना, अड़ जाना-3
5. जंगल, कानन-2
6. तीर रखने का पात्र-4
7. सार-संभाल-2,3
10. पूंजी, धन-4
12. वोट, राय-2
16. राजा, महाराजा-3
17. चतुर्थ, चौथा-2
18. हलवा-2
20. पक्षाघात-3
21. तन, देह-2
22. क्षण-2
23. स्मारक-4
24. चोर, लुटेरा-5
25. जैकी श्राफ, अनिल कपूर, किमी काटकर व फराह अभिनीत फिल्म -5
26. टूटना, बिखरना-4
27. पानी से सराबोर-2
31. कमल, नीरज-3
33. बादलों की गड़गड़ाहट-3
35. छुट्टी, अवकाश-2
37. राख, मिट्टी-2

**शब्द पहेली - 5483 का हल**



## सूडोकु नवताल - 5495

★★★★☆ कठिन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | | | | | | | 1 | 8 |
| | | | 6 | 7 | | | | 2 |
| | | | 8 | | | | | |
| | 8 | 5 | | | | | | |
| | 2 | | | 1 | | | 7 | |
| | | | | | | 3 | 5 | |
| | | | | | 5 | | | |
| 1 | | | | 4 | 7 | | | |
| 9 | 6 | | | | | | | 4 |

■ MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 5494 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 9 | 7 | 4 | 8 | 6 | 2 | 3 | 5 |
| 4 | 5 | 3 | 9 | 1 | 2 | 7 | 6 | 8 |
| 2 | 6 | 8 | 7 | 3 | 5 | 9 | 1 | 4 |
| 5 | 3 | 1 | 2 | 7 | 9 | 4 | 8 | 6 |
| 9 | 2 | 4 | 8 | 6 | 1 | 5 | 7 | 3 |
| 7 | 8 | 6 | 5 | 4 | 3 | 1 | 9 | 2 |
| 3 | 4 | 9 | 6 | 2 | 7 | 8 | 5 | 1 |
| 6 | 7 | 2 | 1 | 5 | 8 | 3 | 4 | 9 |
| 8 | 1 | 5 | 3 | 9 | 4 | 6 | 2 | 7 |

**कश्मीर के सोपोर के मालपोरा गांव का मामला**

# तीन दिन तक नीलामी के बाद 2.26 लाख में बिका अंडा

एजेंसी ▶▶ सोपोर

कश्मीर के सोपोर के मालपोरा गांव के एक गरीब आदमी ने दिल छू लेने वाला काम किया है। गांव के लोग मस्जिद बनाने के लिए चंदा इकट्ठा कर रहे हैं। इसमें एक गरीब आदमी ने एक अंडा दान किया। इस अंडे को नीलामी के लिए रख दिया गया और इससे 2.26 लाख रुपए इकट्ठा किए गए। अब हर कोई इस बात को लेकर हैरान है कि एक अंडा इतने रुपयों में कैसे नीलाम हो सकता है? लेकिन यह सच्चाई भी अब सामने आई है।



## दानिश अहमद ने खरीदा अंडा

दानिश ने बताया किमस्जिद बनाने के लिए मैं कुछ करना चाहता था। मैंने 70 हजार रुपए देकर अंडा खरीदा। मस्जिद ने बोली को 40 मिनट रखने का फैसला किया था। पहले बोली 15 हजार लगाई, फिर 20, 30, 40 और 50 हजार हो गई, किसी ने 60 हजार दे दिया। मैं भी आया वहां पर मैंने 70 हजार दे दिए। 60 लाख रुपयों की जरूरत है।

## ईद के दिन शुरू हुई नीलामी

11 अप्रैल को ईद के दिन दान में मिले हुए सभी सामान की नीलामी की गई। ईद के दिन को इस वजह से चुना गया था ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग नीलामी में भागीदारी करें। अंडे की बोली के दौरान ये कई हाथों में गया। हर नीलामी के बाद खरीदार और रुपए जुटाने के लिए अंडा कमेटी को वापस कर देते और फिर से बोली लगती।

## उसके पास देने के लिए कुछ नहीं था

मस्जिद कमेटी ने बताया कि रमजान के दौरान कमेटी के लोग चंदा जमा कर रहे थे। गांव के लोग पैसों के अलावा और भी कई तरह की चीजें दान कर रहे थे। कुछ लोगों ने ईंट, सीमेंट, लकड़ियां भी दान में दी। इस दौरान जब मस्जित की कमेटी के लोग उस युवक के घर पर पहुंचे तो उसने अंडे को दान में दिया। युवक गरीब है और अपनी मां के साथ रहता है। बताया जा रहा है कि उसके पास देने के लिए अंडे के अलावा और कुछ भी नहीं था।

*इसरो का दुनिया में बजा डंका*

# हल्का कार्बन नोजल बनाकर रॉकेट इंजन की तकनीक में हासिल हुई बहुत बड़ी कामयाबी



एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने एक बार फिर पूरी दुनिया में अपनी सफलता और मेहनत का डंका बजाया है। उसने रॉकेट इंजनों के लिए हल्का नोजल तैयार किया है। इसरो ने मंगलवार को कहा कि उसने रॉकेट इंजनों के लिए हल्के कार्बन-कार्बन (सी-सी) नोजल को सफलतापूर्वक विकसित किया है, जो रॉकेट इंजन तकनीक में एक नई पहल है। इसरो ने कहा है कि हल्के नोजल से अब रॉकेट की पेलोड क्षमता में बढ़ोत्तरी हो सकेगी। इसरो ने एक विज्ञप्ति जारी कर यह जानकारी दी है।

## ...अब रॉकेट की पेलोड क्षमता बढ़ाई जा सकेगी

### रॉकेट इंजनों के मापदंडों को बढ़ावा

इसरो के मुताबिक, यह नवाचार तिरुवनंतपुरम स्थित विक्रम साराभाई अंतरिक्ष केंद्र (वीएसएससी) द्वारा तैयार किया गया है। इसके जरिए रॉकेट इंजनों के महत्वपूर्ण मापदंडों को बढ़ावा मिल सकेगा। इसमें थ्रस्ट लेवल, स्पेशिफिक इम्पल्स और थ्रस्ट एवं वजन अनुपात शामिल है। इसरो के मुताबिक इन बदलावों से रॉकेट की पेलोड क्षमता में वृद्धि होगी।



### विशेष एंटी-ऑक्सीडेशन कोटिंग की

विज्ञप्ति में कहा गया है कि सी-सी नोजल की एक प्रमुख विशेषता इसकी सिलिकॉन कार्बाइड की विशेष एंटी-ऑक्सीडेशन कोटिंग है, जो ऑक्सीडायजिंग वातावरण में इसकी परिचालन सीमा को बढ़ाती है। इसरो के अनुसार, यह नवाचार न केवल थर्मल प्रेरित तनाव को कम करेगा बल्कि रॉकेट लॉन्चिंग के दौरान होने वाली कोरिजन अवरोध को भी बढ़ाएगा, जिससे प्रतिकूल वातावरण में विस्तारित परिचालन तापमान सीमा को सहने की शक्ति मिल सकेगी।

### ऊंचे तापमान पर टिका रहेगा

अंतरिक्ष एजेंसी ने कहा है कि नोजल डायवर्जेंट बनाने के लिए कार्बन-कार्बन (सी-सी) कंपोजिट जैसी उन्नत सामग्रियों का इस्तेमाल किया गया है जो असाधारण गुण प्रदान करते हैं। इसमें कहा गया है कि हरे कंपोजिट के कार्बोनाइजेशन, रासायनिक वाष्प और उच्च तापमान उपचार जैसी प्रक्रियाओं का उपयोग करके, इसने कम घनत्व, उच्च विशिष्ट शक्ति और उत्कृष्ट कठोरता के साथ एक नोजल तैयार किया है, जो ऊंचे तापमान पर भी यांत्रिक गुणों को बनाए रखने में सक्षम है।

**इजराइल की तैयारी पर ईरान की बड़ी धमकी**

# ऐसे हथियार चलेंगे, जो अब तक नहीं चले, बस कुछ सेकंड लगेंगे



एजेंसी ▶▶ तेहरान

इजराइल की ईरान पर हमले की तैयारी के बीच ईरान ने धमकी दी है कि यदि ऐसी हिमाकत इजराइल ने की तो फिर जवाब में ऐसे हथियार इस्तेमाल होंगे, जो अब तक नहीं किए गए। ईरान की इस धमकी को परमाणु हथियारों के इस्तेमाल से जोड़ा जा रहा है। ईरान ने कहा कि यदि इजराइल ने अटैक किया तो फिर हमारी कार्रवाई में सेकेंड भर की भी देर नहीं होगी। बता दें, इजराइल के सैन्य प्रमुख लेफ्टिनेंट हर्जी हलेवी ने सोमवार को बताया कि इजराइल अपने अगले कदमों पर विचार कर रहा है, लेकिन यह तय है कि ईरान के हमले का जवाब दिया जाएगा। हलेवी ने इस बारे में कोई विवरण नहीं दिया। सेना के प्रवक्ता रियर एडमिरल डेनियल हैगारी ने कहा कि हम जो समय चुनेंगे, उस वक्त इजराइल हमला करेगा। दोनों सैन्य अधिकारियों ने दक्षिण इजराइल के नेवातिम एयरबेस पर यह बात कही।

## परमाणु स्थलों को निशाना बना सकता है इजराइल

इजराइल की धमकी के बाद संयुक्त राष्ट्र ने दोनों देशों से शांति बरतने की अपील की है। संयुक्त राष्ट्र परमाणु निगरानी समिति को अब ईरान की परमाणु सुविधा की चिंता हो रही है। संयुक्त राष्ट्र इस बात से चिंतित है कि इजराइल, ईरान की परमाणु स्थानों को निशाना बना सकता है। अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) ईरानी परमाणु सुविधाओं का मंगलवार से फिर निरीक्षण शुरू करेगी। आईएईए के महानिदेशक राफेल ग्रॉसी ने कहा कि ईरान ने 'सुरक्षा कारणों' से रविवार को अपनी परमाणु सुविधाएं बंद कर दी थी। सोमवार को फिर से खोली गई है, जिसके बाद उम्मीद है कि आईएईए के निरीक्षक ईरानी परमाणु सुविधा का निरीक्षण करेंगे।

epaper : www.haribhoomi.com

# हरिभूमि CLASSIFIED

Email : response.haribhoomi@gmail.com

आवश्यकता आपकी — सुविधा हमारी —
Contact for advertisment booking :
Raipur- 79871-19756
6263818152



## एजूकेशन स्पेशल

SACHDEVA NEW PT. COLLEGE
RAIPUR : 0771-4080090
BHILAI : 0788-2261687
DROPPER
CRASH
NEET
CUET
PET/PAT
EFFECTIVE STUDY MATERIAL
● BEST RESULTS
● BEST FACULTY
MEDIUM : ENG./HINDI
SUMMER/REGULAR COURSE
X-XI-XII
CBSE/CG BOARD

## Appointment आवश्यकता

### सिक्योरिटीगार्ड

आवश्यकता है- फैक्ट्री हेतु सुरक्षागार्ड, वेतन 12000 से 19000 तक (PF+ ESI+Bonus+ रहना फ्री) मेस की सुविधा 8वीं से स्नातक वेतन प्रतिमाह 7 तारीख को **संपर्क करें:- शिव सिक्योरिटी सर्विस, शॉप नंबर 28, प्रथम तल, कमला सुपर बाजार, तेलघानी नाका चौक, रायपुर छत्तीसगढ़ मोबाइल 07714036689, 8120957510, 9770304037.** (RO-1186)

आवश्यकता है- रायपुर लिमिटेड कंपनी में सिक्योरिटी गार्ड,सुपरवाइजर हेतु हाईट 5 फीट 6 इंच, 4 फोटो, आधार कार्ड सहित मिले रहना,खाना,फ्री,वेतन 10000 से 15000 MO. **8109070600, 7869230888.** (RO-1174)

विज्ञापन बुकिंग टाइम सुबह 10:30 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक

आवश्यकता है- एरिया ऑफिसर, सुरक्षा सुपरवाइजर, सुरक्षा गार्ड, वेतन 13500/- से 20000/- तक (PF+ ESIC+ Room) **संपर्क पता:- फ्लाइंग ग्रुप सिक्योरिटी सर्विसेज अवधपुरी भाठागांव रायपुर मोबाइल:- 9826133839, 9685671717, 9755784756.** (RO-2669)

### दुकान कार्य

आवश्यकता है- दुकान में काम करने हेतु मेहनती लड़को की आवश्यकता । जिनके पास टू व्हीलर चलाने का लाइसेंस हो गुढियारी के आस पास वालो को प्राथमिकता **संपर्क करें 9425517126.** (RO-26)

आवश्यकता है- कपड़ा दुकान में काम करने के लिए लड़को की आवश्कता हैं,आकर्षक वेतन । **संपर्क - समय 12 से 7 बजे । पूजा साड़ी,महालक्ष्मी क्लॉथ मार्केट,पंडरी,रायपुर ।** (RO-19)

आवश्यकता है- सबमर्सिबल पंप एवं प्लास्टिक पाइप नल दुकान में काम करने हेतु लड़कों की आवश्यकता है। सैलरी 9000 - 12000 योग्यता अनुसार। हमाल की भी आवश्यकता है। **बजाज इंटरप्राइजेज रायपुर 9644433085, 9425843865.** (RO-4405)

### घरेलु कार्य

आवश्यकता है- नेहरू नगर भिलाई में गृह कार्य के लिए एक महिला उम्र 30 से 40 वर्ष के बीच रहने वह खाना मुफ्त वेतन योग्यतानुसार । **संपर्क:- अमर , मो. न.- 93290-09697.** (आरो न.-451)

आवश्यकता है- घरेलु कार्य करने हेतु कम से कम 5 वर्ष अनुभवी वाला परिवार पति पत्नी (जिनके बच्चे साथ में न रहते हों) या अकेले की आवश्यकता है। **संपर्क करें: 8448107841, 9302708426** (RO-3960)

### चिकित्साकर्मी

आवश्यकता है- नर्सिंग होम मे कार्य हेतु प्रशिक्षित अप्रशिक्षित अनुभवी नर्सिंग स्टाफ, एएनएम, जीएनएम एवं आया की आवश्यकता है। संपर्क करें समय 10 से 5 तक **केजीएन नर्सिंग होम फब्बारा चौक बैरनबाजार रायपुर 9425502209, 9893042209** (RO-1194)

आवश्यकता है- नर्स (ANM/ GNM अनुभवी) ऑर्थो ड्रेसर, OT & एक्सरे, टेक्नीशियन, ड्राइवर, मार्केटिंग PRO आवास सुविधा उचित वेतन **कैलाश कांन्ता हॉस्पिटल मेन रोड जोरा रायपुर 0771-2994153, 93007 734153.** (RO-4406)

### ऑफिस/फील्ड कार्य

आवश्यकता है- विज्ञापन एजेंसी में ऑफिस एवं फील्ड कार्य हेतु 10वीं तक पढ़े प्यून की आवश्यकता है। स्वयं की साइकिल होना अनिवार्य। आवेदन, आधार कार्ड सहित **संपर्क करें: शिवम पब्लिसिटी, प्रथम तल वर्मा काम्पलेक्स, श्याम टॉकीज रोड, बुढ़ापारा, रायपुर। मो. 9229303242.** (RO-R)

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

### टीचर

SURYA PRAKASH MEMORIAL PUBLIC SCHOOL, SANAWAL
DIST. BALRAMPUR-RAMANUJGANJ
WALK IN INTERVIEW
TEACHERS -TGT&PGT 9th TO 12th CLASSES
For Eng./Phy./Chem./Maths/ Accounts/ Social Sci. Comp.Sci./ Sports Teacher
M.A/M.Com/M.Sc/B.Sc CS/ BCA Degree or Diploma in Music /B.PED /M.PED or equivalent degree
Librarian /Lab Instructor
B.Lib.Sc./Certi.or Diploma in Lab technique,
Office Clerk
Graduate and Diploma in Computer Application,
Security Guard/ Sweeper/ Gardner-10th /12th Pass
Teaching staff must be proficiency in English, persuing B.Ed can also apply. Interested candidate attend Walk-in-Interview on 11-5-2024, Saturday at School Campus at 11-30 AM with passport size photo, photocopy of mark-sheet along with all Originals Certificates. Min. 03 year work experience .
Ph.: 9617770543, 9827979297.
email id: spmphs2008@gmail.com

### फर्नीचर शोरूम

आवश्यकता है- महंत फर्नीचर शोरूम में कार्य करने हेतु लड़कों की आवश्यकता है, कृपया संपर्क करें धन्यवाद। **पता:- महंत फर्नीचर पंडरी रायपुर** HDFC **बैंक के सामने मोबाइल:- 98262 43376, 9575254649.** (RO-1191)

### केयर टेकर

